Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Monday, 20 January 2025 ● Year : 03 ● Issue : 08 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

शांति तब आती है, जब आप दूसरों की बातों से प्रभावित होना बंद कर देते हो।

–ओशो

Deepika Padukone Shares Goodbye...

SARAFA

सोना	:	6,795
चांदी	:	98.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

गणतंत्र दिवस में फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट

NEW DELHI : देश के गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए सेना के जवान कड़ाके की ठंड में रिहर्सल करके पसीना बहा रहे हैं। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के माध्यम से 'स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जाएगा। वायु सेना के 40 एयरक्राफ्ट फ्लाईपास्ट करेंगे, जिनमें 22 फाइटर एयरक्राफ्ट होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी। वायु सेना के विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि कुल 40 एयरक्राफ्ट रिपब्लिक-डे परेड का हिस्सा बनेंगे। फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमानों, 11 परिवहन विमानों और 7 हेलीकॉप्टरों की शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें राफेल, सुखोई-30 और सी-130जे हरक्यूलिस कर्तव्य पथ पर हवाई करतब दिखाएंगे।

भारत में बिजनेस करना हुआ मुश्किल: कांग्रेस

NEW DELHI : कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पिछले 10 साल में भारत में इज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने में आसानी को अनइज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार करने में असुविधा में बदल दिया गया है। कांग्रेस ने इसके तीन कारण बताते हुए आगामी बजट में रेड राज और कर आतंक को खत्म करने की मांग की। रविवार को कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सरकार को आगामी बजट में ह्यरेड राजह्ण और ह्यकर आतंकह्ण को खत्म करना होगा। उत्पादन क्षेत्र की नौकरियों की रक्षा करने के लिए कार्रवाई करनी होगी और वेतन और क्रय शक्ति को बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम उठाने होंगे। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि पिछले दशक में देश में निजी निवेश में कमी देखने को मिली है। निवेश का सबसे बड़ा भाग निजी घरेलू निवेश 2014 के बाद से लगातार कमजोर हो रहा है। डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान यह मजबूती से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 25 से 30 प्रतिशत के बीच में रहा था।

शपथ ग्रहण के बाद चीन जाएंगे डोनाल्ड ट्रंप

NEW DELHI : अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड शपथ लेने के बाद चीन के दौरे पर जाएंगे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप, चीन के संबंधों को गहरा करने के लिए बीजिंग की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के 100 दिनों के अंदर ही ये दौरा करने की इच्छा जताई है। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान चीन पर टैरिफ बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है। ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण के लिए जिनपिंग को आमंत्रित भी किया है। जिनपिंग ने उपराष्ट्रपति हान झेंग को शपथ ग्रहण में भेजने का फैसला किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने भारत का दौरा करने को लेकर भी अपने सलाहकारों से बात की है। पिछले महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अमेरिकी यात्रा के दौरान, ट्रंप के भारत दौरे को लेकर प्रारंभिक बातचीत भी हुई थी।

तीन और वेंडर मार्केट बनाएगा रांची नगर निगम, एक का डीपीआर तैयार

सैकड़ों दुकानदारों को मिल जाएगा स्थायी आशियाना कर सकेंगे अपना बिजनेस

VIVEK SHARMA @ RANCHI :

राजधानी रांची को जाम मुक्त बनाने को लेकर रांची नगर निगम हर स्तर पर तेजी से काम कर रहा है। एक के बाद एक नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। वहीं सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को वेंडर मार्केट बनाकर उन्हें बसाया जा रहा है, ताकि सड़कों के किनारे लगने वाला जाम खत्म हो सके। इस कड़ी में रांची नगर निगम शहर में तीन और वेंडर मार्केट बनाने जा रहा है। इसे सैकड़ों दुकानदारों को स्थायी आशियाना मिल जाएगा। रोड किनारे का जाम भी खत्म होगा। बता दें कि रांची नगर निगम की नेशनल अर्बन लाइवलीहुड मिशन (एनयूएलएम) शाखा ने नए वेंडर मार्केट बनाने का प्रस्ताव दिया है।

शेष दो जगहों पर बनाने का दिया प्रस्ताव, चिह्नित की जा चुकी है जमीन

सड़कों पर लगने वाले जाम की समस्या से भी मिलेगी स्थायी मुक्ति

सुरेंद्रनाथ स्कूल के पास है खाली जमीन

निगम की तीन इलाके में वेंडर मार्केट बनाने की योजना है। इसके तहत एचबी रोड स्थित सुरेंद्रनाथ स्कूल की बाउंड्री से सटे खाली जगह पर मार्केट बनाया जाएगा। इसका डीपीआर तैयार हो गया है। वहीं दूसरा वेंडर मार्केट चुटिया थाना के बगल में और तीसरा मार्केट पुरुलिया रोड में बनाया जाना है। इन दोनों इलाके में जगह चिह्नित की जा चुकी है। जल्द ही इसका डीपीआर बनाया जाएगा। इसके बाद मार्केट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।



नागाबाबा खटाल से मिली राहत

राजभवन के पास नागाबाबा खटाल में भी सब्जी बाजार सजता था। इसके लिए नागाबाबा खटाल वेजिटेबल मार्केट का निर्माण कराया गया। उसमें भी सैंकड़ों दुकानदारों को जगह दी गई। इससे वहां पर लगने वाला जाम खत्म हो गया। बेसमेंट से लेकर ऊपर तक सब्जी और फल की दुकानें लग रही हैं। सड़क खाली हो गई। इससे जाम की समस्या में कमी आई है।

मोरहबादी में मार्केट बनकर तैयार

नगर निगम ने मोरहाबादी में नया वेंडर मार्केट बनाया है। यहां पर मोरहाबादी स्थित मिनी ट्रांसफर स्टेशन के पास वेंडर मार्केट का निर्माण पूरा होने को है। मोरहाबादी में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को बसाने की तैयारी है। इससे मोरहाबादी में रोड पर दुकानें नहीं सजेंगी। इतना ही नहीं, सड़कें भी जाम मुक्त हो जाएंगी। मोरहाबादी मैदान में फिलहाल रोड किनारे सब्जी की दुकानें सज रही हैं। मार्केट बन जाने से दुकानों को मार्केट में शिफ्ट कर दिया जाएगा। इस मार्केट में 198 दुकानदारों के बैठने की व्यवस्था होगी। 4.8 करोड़ की लागत से इस मार्केट का निर्माण कराया जा रहा है।

कोकर डिस्टिलरी मार्केट के कारण जाम में आई कमी

बता दें कि लालपुर चौक से डिस्टिलरी पुल के बीच सड़क किनारे लगने वाले नॉनवेज मार्केट को हटाकर उन्हें डिस्टिलरी पुल के पास बने नए वेंडर मार्केट में शिफ्ट कर दिया गया। दुकानों का शिफ्ट होना सड़क किनारे की सफाई और ट्रैफिक की समस्या को सुलझाने में एक बेहतर कदम साबित हुआ। इसके साथ ही लालपुर से डिस्टिलरी पुल तक सड़क किनारे अब मांसाहारी दुकानों का कोई अतिक्रमण नहीं दिखता। वहीं सैंकड़ों सब्जी वेंडर्स को भी मार्केट के ऊपर शेड बनाकर दुकानें आवंटित की गईं, ताकि अब सड़क पर सब्जी बाजार नहीं लगे।

अटल वेंडर मार्केट में बसाए गए 600 दुकानदार

नगर निगम ने रांची यूनिवर्सिटी के पास में अटल वेंडर मार्केट का निर्माण कुछ साल पहले कराया। इसके बाद एक-एक कर अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर शहीद चौक और सर्जना चौक के 600 से अधिक दुकानदारों को मार्केट में बसाया है। इन दुकानदारों के वेंडर मार्केट में शिफ्ट कराए जाने के बाद अल्बर्ट एक्का चौक से भी काफी हद तक जाम से राहत मिली है। हालांकि अब भी कुछ दुकानदार रोड किनारे दुकान लगाकर कारोबार कर रहे हैं। लेकिन, स्थिति पहले जैसी नहीं है।

'मन की बात' का 118वां एपिसोड प्रसारित, प्रधानमंत्री बोले-

विकास के साथ विरासत को भी सहेजना जिम्मेदारी

AGENCY NEW DELHI :

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 118वें एपिसोड में कई मुद्दों को प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया। वर्तमान और भविष्य के माध्यम से विकास और विरासत के प्रति हर भारतवासी के कर्तव्य की ओर संकेत किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि देश के विकास के साथ विरासत को भी सहेज कर रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने अपने 30 मिनट के संबोधन में 23, 25 और 26 जनवरी के अलावा रामलला, स्टार्टअप इंडिया, स्पेस सेक्टर, हाथी बंधु, टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश और निकोबार में वर्जिन कोकोनट ऑयल का भी जिक्र किया। महाकुंभ और रामलला का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि महाकुंभ में दुनियाभर से लोग आते हैं। यह सामाजिक समरसता का ऐसा संगम है, जहां ऊंच-नीच से परे लोग एक-दूसरे के साथ पवित्र स्नान करते हैं। भंडारों में भोजन और प्रसाद लेते हैं। कुंभ एकता का महाकुंभ है। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम को यह एक सूत्र में बांधता है।

देशवासियों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने का आह्वान

- महाकुंभ और रामलला का जिक्र कर इसके सांस्कृतिक-आध्यात्मिक महत्व को समझाया
- संविधान सभा की चर्चा करते हुए गणतंत्र दिवस की प्रमुखता को किया रेखांकित
- अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में हाल के वर्षों की उपलब्धियों से युवाओं को किया प्रेरित

संविधान सभा की चर्चा हमारी बड़ी धरोहर

मोदी ने कहा कि इस बार का 'गणतंत्र दिवस' बहुत विशेष है। संविधान सभा के दौरान अनेक विषयों पर लंबी-लंबी चर्चाएं हुईं। वे चर्चाएं, संविधान सभा के सदस्यों के विचार, उनकी वो वाणी, हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। पीएम ने संविधान को लेकर बाबा साहब अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषण के क्लिप सुनाए। पीएम ने कहा- इन महान विभूतियों की वाणी हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 25 जनवरी को नेशनल वोटर्स डे है। इसी दिन चुनाव आयोग की स्थापना हुई थी। देश में जब 1951-52 में पहली बार चुनाव हुए तो कुछ लोगों को संशय था कि देश का लोकतंत्र जीवित रहेगा। लेकिन जनता ने इसे साबित कर दिया कि भारत मदर मर्डर ऑफ डेमोक्रेसी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 23 जनवरी यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती को अब हम 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाते हैं।

इजरायल-हमास में 14 महीने बाद सीजफायर

NEW DELHI : इजरायल और हमास के बीच जंग के 14 महीने बाद सीजफायर लागू हो गया है। इसमें तय समय से करीब 3 घंटे की देरी हुई है। इसे सुबह 11:30 बजे लागू होना था, जो दोपहर 2:45 बजे लागू हो पाया। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने दावा किया है कि रेड क्रास की टीम बंधकों को लेने के लिए रवाना हो गई है। हालांकि इजराइल का कहना है कि इन बंधकों को अभी तक इजरायल भेजने की प्रोसेस शुरू नहीं हुई है। आज से लागू हुए सीजफायर के तहत पहले दिन हमास इजरायल के 3 बंधकों की रिहाई करेगा। इन्हें भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे रिहा किया जाना था। हमास की तरफ से जिन बंधकों को रिहा किया जाएगा उनके नाम रोमी गोनेन, एमिली दामारी और डोरोन स्टीनब्रेचर हैं।

गिरफ्तार युवक के बांग्लादेशी होने का शक

सैफ पर हमला करनेवाले एक आरोपी को पुलिस ने दबोचा

AGENCY MUMBAI :

रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुंबई पुलिस ने बताया कि बॉलीवुड एक्टर

सैफ अली खान के घर में घुसकर हमला करने के मामले में एक आरोपी को शनिवार रात 2 बजे ठाणे के एक लेबर कैंप से गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस के डीसीपी गेदाम दीक्षित ने बताया कि बताया कि आरोपी चोरी करने के इरादे से एक्टर के घर में घुसा था। उसके पास भारत का कोई वैध दस्तावेज नहीं है। उसके पास जो चीजें मिली हैं, उनके आधार पर बांग्लादेशी होने का शक है। पुलिस ने यह तो कहा कि आरोपी सैफ अली खान के घर में घुसा था, लेकिन पुलिस ने इसका स्पष्ट जवाब नहीं दिया कि इसी आरोपी ने सैफ पर हमला किया था या नहीं। जब मीडिया ने पूछा कि वारदात के समय वह अकेला था या कुछ और लोग भी साथ थे, तो पुलिस ने कहा- जांच चल रही है।

खूंटी में मिनिमम टेंपरेचर रिकॉर्ड किया गया 6.9 डिग्री सेल्सियस

अभी नहीं मिलेगी कनकनी से राहत

PHOTON NEWS RANCHI :

सामान्य रूप से देखा जाता है कि मकर संक्रांति के बाद ठंड की गति धीमी होती है, लेकिन इस बार कुछ उल्टा हो रहा है। अभी भी कनकनी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिख रही है। राजधानी रांची सहित झारखंड के अन्य क्षेत्रों में सर्दी का सितम जारी है। कुछ इलाकों में तो ठंडी हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे चल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। सुबह में कोहरा छाया रहेगा। लेकिन, इस दौरान धूप रहने पर भी ठंड महसूस हो रही है।

- झारखंड के कई जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से चल रहा नीचे
- चाईबासा में अधिकतम तापमान रहा 30.4 डिग्री सेल्सियस

केंद्र से हरी झंडी, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दी जानकारी

धनबाद में बनेंगे दो 6-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर

PHOTON NEWS RANCHI :

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर जानकारी दी है कि धनबाद स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 19 के बरवाअड्डा-पानागढ़ के पास निरसा और गोविंदपुर क्षेत्र में स्थित मौजूदा फुटपाथ पुनर्निर्माण होगा। इसके अलावा दो 6 लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण को भी केंद्र सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इसकी लागत 1130.54 करोड़ रुपये होगी। **झारखंड-बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जिस सिक्स-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर को मंजूरी दी है, वास्तव में वह झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-19, पुरानी जीटी रोड एनएच-02) का एक हिस्सा है। यह वर्तमान में निरसा और गोविंदपुर के क्षेत्रों से गुजर रहा है। इसमें मौजूदा प्रमुख क्रॉस रोड्स के साथ ग्रेड जंक्शन हैं। इस कॉरिडोर में सुचारू और सुगम यातायात का संचालन हो सकेगा। यह भीड़भाड़ को कम करने में सहायक सिद्ध होगा।

निरसा और गोविंदपुर क्षेत्र में स्थित मौजूदा फुटपाथ का भी होगा पुनर्निर्माण

बिहार को भी मिली है सौगात

इसके अलावा नितिन गडकरी ने बिहार को भी सौगात दी है। उन्होंने बिहार पटना जिले में आमस-दरभंगा राजमार्ग के हिस्से के रूप में, राष्ट्रीय राजमार्ग-119 डी पर रामनगर से कच्ची दरगाह तक सिक्स लेन एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के निर्माण के लिए भी स्वीकृति दी है। इसकी लागत 1082.85 करोड़ रुपए की होगी। इसके अलावा किशनगंज जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और राष्ट्रीय राजमार्ग-32 ई को जोड़ने वाले एक स्पर के रूप में किशनगंज-बहादुर खंड के फोरलेन निर्माण के लिए स्वीकृति दे दी है।

असम में राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज

GUWAHATI : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ देश में एक और केस दर्ज हो गया है। उनके हाल के एक बयान को आधार बनाकर असम में गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई है। हाई कोर्ट के वकील शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के बयान ने भाषण की उन सीमाओं को पार कर लिया है, जिन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। बीएनएस की धारा 152 के तहत इसे गैर जमानती अपराध की कैटेगरी में रखा गया है। चेतिया ने शिकायत में लिखा है कि एक ऐसे व्यक्ति का सार्वजनिक मंच से दिया गया बयान, जो वर्तमान में विपक्ष के नेता का पद संभाल रहा है, कोई साधारण राजनीतिक टिप्पणी नहीं है।

- हाल के बयान को बताया देश की संप्रभुता एकता और अखंडता को खतरा में डालने वाला
- बीएनएस की धारा 152 के तहत इसे गैर जमानती अपराध की कैटेगरी में रखा गया

महाकुंभ मेले में लगी आग, जल गए गीता प्रेस के 180 कॉटेज

AGENCY PRAYAGRAJ :

रविवार को प्रयागराज में महाकुंभ के मेला क्षेत्र में शाम करीब साढ़े चार बजे आग लग गई। शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में ये आग लगी। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए। अधिकारियों के अनुसार, खाना बनाते समय सिलेंडर ब्लास्ट हो गया था। इसके बाद कई सिलेंडर ब्लास्ट हो गए। आग बुझाने के लिए 12 फायर ब्रिगेड भेजी गई थीं। फायर ब्रिगेड ने आग पर एक घंटे के भीतर काबू पा लिया। एक संन्यासी के एक लाख रुपये के नोट भी जल गए। मेला सीएफओ (चीफ फायर ऑफिसर) प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग से करीब 500 लोगों को बचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी सीएम योगी को फोन कर घटना की पूरी जानकारी ली। आग लगने की घटना से कुछ देर पहले ही उन्होंने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का जायजा लिया था। महाकुंभ नगरी में फायर ऑपरेशंस के लिए एडवांस्ड फीचर वाले 4 आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एलडब्ल्यूटी) तैनात किए गए हैं। इनमें वीडियो-थर्मल इमेजिनिंग जैसा एडवांस सिस्टम है। इसका इस्तेमाल बहुमंजिली और ऊंचाई वाले टेंट की आग बुझाने के लिए किया जाता है।

- खाना बनाते वक्त हुआ सिलेंडर ब्लास्ट, एक घंटे में आग पर पाया गया काबू
- सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का लिया जायजा
- पीएम मोदी ने योगी को फोन कर ली पूरी घटना की जानकारी

खतरे में सेहत इस तत्व की अपेक्षा से अधिक मौजूदगी भविष्य के लिए चिंताजनक

बच्चों का आईक्यू लेवल घटा रही पानी में फ्लोराइड की मात्रा

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

यदि भोजन में पोषक तत्वों की दृष्टि से देखा जाए तो खनिज लवणों में क्लोरीन, फ्लोरीन और आयोडीन की उपयुक्त मात्रा अत्यंत जरूरी है। उनकी आवश्यकता भोजन में अत्यंत अल्प है, लेकिन जैविक क्रियाओं के संचालन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर इनकी मात्रा किसी कारणवश अधिक होती है, तो यह लंबे समय के लिए अधिक खतरनाक भी साबित होते हैं। हाल में हुए रिसर्च में यह सच्चाई सामने आई है। पहली बार वैज्ञानिकों ने बच्चों में फ्लोराइड एक्सपोजर और आईक्यू लेवल के बीच संबंध का अध्ययन किया है। इस संबंध में व्यापक स्तर पर सबूत जुटाए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैसे तो पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा हर किसी की सेहत पर नकारात्मक असर डालता है। कई बीमारियों को पैदा करने का मार्ग प्रशस्त करता है। लेकिन, इसकी चपेट में सबसे ज्यादा गंभीरता से बच्चों की सेहत आती है, क्योंकि इसके प्रभाव से उनका बौद्धिक विकास अवरुद्ध होने लगता है।

पहली बार वैज्ञानिकों ने फ्लोराइड एक्सपोजर और बौद्धिक विकास का किया अध्ययन

झारखंड के 16 और बिहार के 13 जिलों के जल में पाया गया है अधिक फ्लोराइड

- धीमी गति से प्रभाव डालने वाली यह स्थिति बाद में बन जाती है गंभीर
- जर्नल ऑफ द जेएएमए पीडियाट्रिक्स में प्रकाशित की गई है विस्तृत जानकारी
- व्यापक स्तर पर जुटाए गए हैं निष्कर्षों के तथ्य सतर्कता बरतने पर जोर
- एक लीटर पानी में 1.5 मिलीग्राम फ्लोराइड की मौजूदगी मानी जाती है सुरक्षित

भारत सहित 10 देशों के शोधकर्ताओं ने संयुक्त रूप से की है व्यवस्थित स्टडी

भू-जल में आवश्यकता से अधिक उपस्थिति

रिपोर्ट से पता चलता है कि भू-जल या सरकारी जलापूर्ति में फ्लोराइड की मात्रा अगर तय सीमा से अधिक है और उसका एक्सपोजर बार-बार हो रहा है, तो बच्चों में उनका आईक्यू का स्तर उतना ही कम होने की आशंका बढ़ जाती है। यह अध्ययन जेएएमए पीडियाट्रिक्स में पब्लिश किया गया है।

क्वांटिटी में कमी भी पहुंचाती है हानि

शोध के दौरान यह पता चला है कि बच्चों के मूत्र में फ्लोराइड की मात्रा एक मिलीग्राम प्रति लीटर है। यह स्थिति आईक्यू लेवल में 1.63 अंक की कमी दर्ज करती है। उच्च मात्रा में फ्लोराइड की न्यूरो टॉक्सिसिटी के बारे में तमाम जानकारियां मौजूद हैं, लेकिन इस अध्ययन का एक सुझाव यह भी है कि 1.5 मिलीग्राम/लीटर से कम मात्रा भी बच्चों में आईक्यू लेवल को नुकसान दे सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन एक लीटर पानी में 1.5 मिलीग्राम तक फ्लोराइड को सुरक्षित मानता है। भारत के संदर्भ में इस नई स्टडी का महत्व इस रूप में है कि साल 2022 में केंद्र की एक रिपोर्ट में 23 राज्यों के 370 जिलों में पानी अधिक फ्लोराइड युक्त पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश के 36 और मध्य प्रदेश में 44 जिले ऐसे हैं, जहां भूजल में फ्लोराइड जरूर से अधिक पाया गया।

BRIEF NEWS

बस पलटी, तीन की मौत, एक दर्जन घायल

GOMIA : बेरमो से हजारीबाग के लिए चलने वाली नेहा सवारी बस रविवार शाम को विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नेरकी के पास पलट गई। घटना में मौके पर ही तीन सवारियों की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक लोग बस में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें तीन लोग गंभीर हैं। बताया जा रहा है कि बस का टायर ब्लास्ट हो जाने से घटना घटी। घटना के बाद पहुंचे लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान यहां चीख पुकार से माहौल गमगीन हो गया। घायलों को गोमिया और विष्णुगढ़ अस्पताल ले जाया गया है।

गिरिडीह एसपी ने की रात्रि गश्त

GIRIDIH : पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार लगातार शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने शनिवार की रात खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र में गश्त की। इस दौरान देर रात उन्होंने धनवार थाने का औचक निरीक्षण किया। साथ ही सड़कों पर मिलने वाले लोगों से पूछताछ भी की। इसके बाद एसपी गिरिडीह-जमुआ पथ पर निकल पड़े। रास्ते में पड़ने वाले हिरोडीह थाने का भी निरीक्षण किया। उन्होंने काफी समय मंडरो बाजार और कोदबरी चौक पर बिताया। इस दौरान उन्होंने हीरोडीह थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हीरोडीह पुलिस से आवश्यक जानकारी ली। गश्त के दौरान एसपी ने देर रात ही देवरी के कई इलाकों का भी निरीक्षण किया। गश्ती के दौरान मिलने वाले पुलिस अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए।

इग्नू जन-जन का विवि है : क्षेत्रीय उपनिदेशक

LOHARDAGA : बलदेव साहु महाविद्यालय में इग्नू अभिप्रेरणा की बैठक रविवार को हुई। मौके पर इग्नू के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ मोती राम उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि इग्नू जन जन का विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा की विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय इग्नू है यहां के शिक्षार्थी विभिन्न जगह से आते हैं चाहे वह गृहिणी हो, नौकरी पेशा हो, व्यापार करने वाले हो, चाहे छात्र हो सभी के लिए इग्नू में पढ़ने की व्यवस्था भारत सरकार के जरिये की गई है। उन्होंने विस्तार से इग्नू के बारे में छात्रों को जानकारी दी नामांकन से लेकर असाइनमेंट बनाने के तरीके परीक्षा फॉर्म भरने री रजिस्ट्रेशन कराने परीक्षा फॉर्म भरने किसी प्रकार की कोई त्रुटि रहने पर सारी जानकारी इग्नू के वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों को बताया कि इग्नू तीन भागों में विभक्त है। पहला स्टडी सेंटर दूसरा रीजनल सेंटर और तीसरा मुख्य कार्यालय दिल्ली छात्र तीनों से संपर्क स्थापित कर अपना कैरियर को बेहतर बना सकते हैं।

लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

KHUNTI : नालसा दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में रविवार को खूंटी जिले के सभी छह प्रखंड मुख्यालयों में प्रखंड स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्र कें लोगों को मुख्य धारा से जोड़ना है और उनके निकटवर्ती प्रखंड में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ देना है। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा,,डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी कुमारी विद्यावती के जरिये आम जनों के बीच कंबल, ट्राई साइकिल, धोती-साड़ी योजना, कृषि एवं वानिकी से संबंधित योजना, बकरी पालन, पशुधन गाय पालन, मातृत्व वंदना, सावित्रीबाई फुले योजना, किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना, केसीसीसी योजना, जेएसएलपीएस एवं अन्य का लाभ आमजन को दिया गया। इन छह प्रखंडों में 489 लाभुकों ने शिविर में उपस्थित होकर योजनाओं का लाभ लिया। इनके बीच कुल तीन करोड़, तीरपन लाख, बहतर हजार, तीन सौ की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

अपहर्ता ने बहन को पास कराने के लिए दिए थे दो लाख : एसपी

धनंजय ने जब पैसे नहीं लौटाए तो भाई ने बनाई अपहरण की योजना

AGENCY RAMGAH : रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ में एक ठेकेदार धनंजय कुमार सिंह के अपहरण कांड पर एसपी अजय कुमार ने नया खुलासा किया है। रविवार को संवाददाता सम्मेलन में एसपी ने बताया कि अपहरणकर्ता अमित ने वर्ष 2017 में धनंजय कुमार को दो लाख रुपए दिए थे। इतनी मोटी रकम उसने अपनी बहन की परीक्षा पास कराने के लिए धनंजय को दिया था। क्योंकि धनंजय ने उसे शिक्षा विभाग में अच्छी पैठ होने की बात कही थी। जब उसकी बहन परीक्षा पास नहीं कर पाई, तब अमित ने धनंजय से दो लाख रुपए मांगना शुरू किया। पिछले आठ वर्षों में जब धनंजय ने उसे वह रुपए नहीं दिए, तब अमित ने अपहरणकर्ता और फिरौती मांगने की योजना बनाई।

मामले की जानकारी देते एसपी अजय कुमार ● फोटोन न्यूज

रामगढ़ शहर के बाजारटांड़ में कुलदीप साहू के घर में वह किराए पर रुका। यहां सांडी निवासी रवीश मुंडा के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाई। रवीश मुंडा कोयला का कारोबारी था। इसीलिए धनंजय को इन लोगों ने कारोबार का ही झांसा दिया। 18 जनवरी को जब धनंजय रामगढ़ पहुंचा तो रवीश और अमित ने उसे इस किराए के मकान में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसकी कनपटी पर बंदूक तानी। पहले तो उसके मोबाइल से एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करने की कोशिश की गई। लेकिन नहीं होने पर 50 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर किया गया। साथ ही नगद चार हजार ही उन लोगों ने छीन लिए। इस दौरान धनंजय को नशे का इंजेक्शन भी दिया गया, ताकि कुछ दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराया जाए। धनंजय कुमार को कमरे में बंद कर अमित और रवीश जब बाहर निकले तो किसी तरह धनंजय ने अपना हाथ रस्सी से बाहर निकाला। इसके बाद मुंह पर लगे टेप को हटाया और खिड़की से राह चलते लोगों से मदद मांगी। शोर सुनकर लोगों ने सूचना पुलिस को दी।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वह अपराधी घर के बाहर ही मौजूद था। रवीश और अमित को पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से पुलिस ने नाइन एमएम पिस्टल, छह जिंदा गोली, नशीला इंजेक्शन बरामद किया है।

युवक का पेड़ पर लटका शव बरामद

CHATRA : प्रतापपुर थाना क्षेत्र के परहियाडीह जंगल से एक बरगद के पेड़ से लटका हुआ एक युवक का शव पुलिस ने रविवार को बरामद किया है। मृत युवक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव निवासी रंजय पासवान (24) के रूप में की गयी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई राजकपुर पासवान ने हत्या की आशंका जताते हुए कहा कि रंजय पासवान की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए उसके शव को पेड़ से लटका दिया गया है। रंजय पासवान गत शुक्रवार को प्रतापपुर दोस्त से आधार कार्ड मांगने गया था। तब से वह अपने घर नही आया था। इसके बाद परिवार में काफी खोजबीन किया। मृतक मुंम्बई में मजदूरी का काम करता था।

पुलिस ने 5 एकड़ में लगी अफीम की फसल को कर दिया नष्ट

चौपारण थाना के जगोडीह जंगल में लगाई गई थी पोस्ता की खेती

AGENCY HAZARIBAG : जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के जगोडीह जंगल में पुलिस ने लगभग पांच एकड़ वन भूमि पर लगे अवैध अफीम पोस्ता की खेती को रविवार को नष्ट किया गया। अफीम की खेती के खिलाफ जिले भर में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से तस्करों के मंसूबों को बड़ा झटका लगा है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चौपारण के आस पास अफीम तस्करों के जरिये अफीम की खेती की जा रही थी, जिसे अभियान चलाकर नष्ट कर दिया गया। पुलिस और वन विभाग के संयुक्त कारवाई करते हुए चिन्हित स्थान पर छापेमारी की। पुलिस जब स्थल पर पहुंची तो वहां पाया गया कि अफीम के पौधे उग आए हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस के जरिये अफीम की खेती के खिलाफ लगातार कार्रवाई भी की जा रही है और उसे नष्ट भी किया जा रहा है। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस के जरिये अफीम की खेती करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

खेत में पहुंचे पुलिस के जवान ● फोटोन न्यूज

पारा-मेडिकल स्टूडेंट को जल्द मिलेगा हॉस्टल

DHANBAD : पारा-मेडिकल स्टूडेंट को अब बहुत जल्द हॉस्टल मिल जाएगा। 3 वर्ष से बनकर तैयार नवनिर्मित पारा-मेडिकल हॉस्टल में बिजली का काम जल्द शुरू होगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने इस संबंध में बिजली विभाग को 12 लाख रुपये का आवंटन कर दिया है। बिजली विभाग की ओर से यहां ट्रांसफर्मर और वायरिंग का काम जल्द शुरू किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट पिछले 3 वर्षों से हॉस्टल आवंटन को लेकर की मांग कर रहे हैं। हॉस्टल 2020 में बन कर तैयार हुआ था। इधर स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ. चंद्र किशोर शाही ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को पत्र लिखकर अतिशीघ्र हॉस्टल मुहैया कराने का निर्देश दिया है। पारा-मेडिकल स्टाफ एसोसिएशन के राजू कुमार महतो ने बताया कि हॉस्टल बनने के बात भी स्टूडेंट को अलॉट नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह है कि पारा-मेडिकल की पढ़ाई करने वाले अधिकांश छात्र ग्रामीण इलाके से आते हैं। किराए के मकान में सभी को रहना पड़ रहा है। ऐसे में स्टूडेंट को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। कई बार स्टूडेंट ने इसे लेकर आंदोलन भी किया है।

उरीमारी के लुरुंगा जंगल में चाल धंसने से दो की मौत

इसी चाल के धंसने से गई मजदूरों की जान ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लुरुंगा जंगल में कोयले का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। मजदूर अवैध माइंस में घुसकर कोयले का खनन कर रहे हैं। शनिवार की शाम लुरुंगा जंगल में अवैध माइंस में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत होने की खबर है। मृतको में लुरूंगा बस्ती निवासी राहुल कुमार गंझू और रवि कुमार गंझू नामक युवक शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव के लोग घटनास्थल पर जुड़ गए और सब को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह यह पता चला है की मोटरसाइकिल से कुछ मजदूर कोयला निकालने के लिए गए हुए थे। जिसमें से दो मजदूर चाल धंसने से मरे हैं। इस मामले में ग्रामीणों के बयान के आधार पर कार्रवाई होगी।

मवेशी के शिकार को लगाया गया बम फटा, तीन अंगुलियां उड़ीं

PALAMU : पलामू में बम की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। बम मवेशी के शिकार के लिए लगाया गया था, मगर मवेशी चराने गया व्यक्ति के हाथ में बम फट गया। बम से जगदीश बैठा के हाथ की तीन अंगुलियां उड़ गई हैं। घटना नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र की रिसियप्पा गांव के जंगल में शनिवार की देर शाम हुआ। जगदीश अपने मवेशियों को लेकर जंगल में चराने गया था। इसी क्रम में जंगल में वह जिस स्थान पर बैठा था वहां पलाश के पत्ता का ढेर था। पत्तों पर हाथ रखने के साथ ही विस्फोट हो गया। जख्मी हालत में जगदीश अपने घर पहुंचा तो लोगों को घटना की जानकारी हुई। परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। रविवार को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। नौडीहा बाजार के थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने रविवार को बताया कि जंगली जानवर के शिकार के लिए किसी ने बम लगाया था। लेकिन बम की चपेट में ग्रामीण आ गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और बम लगाने वाले व्यक्ति का पता लगा रही है। जंगली इलाकों में जानवरों के शिकार के लिए लोग देसी बम का इस्तेमाल करते हैं।

घायल चरवाहा

ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ अभिजल कंडुलना सम्मानित

KHUNTI : ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ इंडिया तथा ग्लोबल ट्राइबल क्वीन ऑफ अर्थ का खिताब जितने वाली रनिया प्रखंड की बलंकेल निवासी अभिजल कंडुलना को रविवार को तोरपा में सम्मानित किया गया। विधायक सुदीप गुड़िया, एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा तथा जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष जुबैर अहमद ने उसे शॉल ओढ़ाकर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने कहा कि अभिजल ने अपने संघर्ष से जो मुकाम हासिल किया है, वह आदिवासी लड़कियों के लिए रोल मॉडल है। उन्होंने कहा उन्हें आगे बढ़ने के लिए जो भी मदद की जरूरत होगी, वे करेंगे। मौके पर तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि ईमानदारी से प्रयास करने से सफलता जरूर मिलती है।

सऊदी अरब में मृत युवक के परिजनों से मिले पूर्व मंत्री, दिया मदद का भरोसा

AGENCY PALAMU : सऊदी अरब में मृत पलामू के डाल्टेनगंज के युवक सद्दाम हुसैन का शव वापस लाने में दिक्कत आ रही है। परिजनों से रविवार को पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने मुलाकात की, जिसमें उन्होंने शव मंगाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। पूर्व मंत्री ने इस मामले में राज्य के श्रम मंत्री से बात की है। भारतीय दूतावास से भी संपर्क साधा जा रहा है।

परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ● फोटोन न्यूज

17 जनवरी को सऊदी अरब में हुई थी मौत : मजदूरी करने के लिए सऊदी अरब गए डाल्टेनगंज के मुस्लिम नगर निवासी सद्दाम हुसैन की 17 जनवरी को अचानक मौत हो गई थी। घटना के 48 घंटे बाद से परिजन शव को वापस लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और जिला प्रशासन, केंद्र एवं झारखंड सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

शव वापस लाने में आ रही बाधा : पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी मेदिनीनगर के मुस्लिम नगर स्थित मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि वे परिवार के साथ हैं और हरसंभव प्रयास करेंगे, ताकि सद्दाम का शव डाल्टेनगंज लाया जा सके। पूर्व मंत्री ने झारखंड के श्रम मंत्री से भी बात की और भारतीय दूतावास के माध्यम से शव लाने की दिशा में पहल करने की बात कही।

पिछले साल जुलाई में अरब गया था युवक : इसी बीच, मृतक के परिजनों ने रविवार को पलामू के श्रम अधीक्षक को आवेदन देकर घटना की पूरी जानकारी दी और शव मंगवाने के साथ-साथ परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

पलामू मेडिकल कॉलेज की सदर एसडीओ ने की औचक छापेमारी, शराब और गांजा बरामद

हॉस्टल में छात्रों के कमरे में मिले लड़कियों के कपड़े

AGENCY PALAMU : पलामू जिले में मेदिनीनाराय मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में शनिवार की रात एक बड़ी कार्रवाई हुई, जब सदर एसडीओ सुलोचना मीणा ने पुलिस बल के साथ कॉलेज में औचक छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान मेडिकल कॉलेज के छात्रों में अफरातफरी की स्थिति पैदा हो गई। कई छात्र अपने कमरे बंद कर चुपचाप निकल गए। छापामारी में मेडिकल कॉलेज के हॉस्टलों से आपत्तिजनक सामान बरामद हुए। इसकी जानकारी मिलने के बाद छात्र-छात्राएं आक्रोशित हो गए और उन्होंने घंटों प्रदर्शन किया।

शिकायत मिलने के बाद हुई छापामारी

रविवार को सदर एसडीओ ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में नशेबाजी और विधि व्यवस्था को लेकर शिकायतें मिली थीं। इसके बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में हॉस्टल की तलाशी ली गई। सुलोचना मीणा और पुलिस टीम ने गर्ल्स और ब्वॉयज हॉस्टल के कमरों की जांच की। जांच के दौरान कई कमरे अंदर से बंद मिले, जिन्हें खोलने में परेशानी आई। अंततः इन कमरों से शराब की बोतलें, गांजा और लड़कों के कमरे से लड़कियों के कपड़े भी बरामद हुए।

मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से बरामद सिगरेट, गांजा व शराब की बोतलें ● फोटोन न्यूज

छात्रों ने किया हंगामा

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने इस पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब तक छात्रों पर कोई पाबंदी नहीं थी, लेकिन जब उन्होंने कड़ी कार्रवाई की तो विद्यार्थी उन पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। प्रिंसिपल के कड़े कदम के विरोध में छात्रों ने हंगामा किया और उन्हें घेर लिया।

इंद्रियां माया रूपी जोंक है, जो विषयों में डालकर दुख देती हैं : महाराज

KHUNTI : महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी मुरहू में चल रहे दो दिवसीय सत्संग में प्रवचन करते हुए रविवार को स्वामी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि दुनिया में सभी सुख चाहते हैं। इसके लिए जतन भी करते हैं, पर इसके लिए सही युक्ति सद्गुरु का बताया गया भक्ति मार्ग ही है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि धरती का धूल गिना जा सकता है, पर परमात्मा के नाम की गिनती नहीं हो सकती। गुरु भी परमात्मा का ही एक नाम है और भगवान श्रीराम भी कहते हैं मोते अधिक संत कर लेखा, यानी बिना सच्चे संत का संग किये सच्चा सुख नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से कोई स्थान खाली नहीं है। इंद्रियां माया रूपी जोंक है, जो हमें विषयों में डालकर दुःख देती हैं। सत्संग से मन निर्मल और मनुष्यों के सारे कष्टों का समाधान हो जाता है। हमें बस गुरु के बताए मार्ग पर चलकर नशा, हिंसा, झूठ, चोरी, व्यभिचार रुपी पांच पाप त्याग कर ध्यान भजन सत्संग करना चाहिए। स्वामी परमानंद जी महाराज ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। जैसे एक मिट्टी के ढेले को उछाल दीजिए, वह नीचे गिर कर रुकता है, शांत हो जाता है, वैसे ही हमारी आत्मा परमात्मा से भक्ति मिलन को प्राप्त कर संतुष्ट होती है।

फिर शुरू होगा एकलव्य और आश्रम विद्यालय : चमरा लिंडा

मंत्री चमरा लिंडा का स्वागत करते लोग ● फोटोन न्यूज

RAMGARH : झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा हजारीबाग जाने के दौरान रविवार को रामगढ़ के मांडू में रुके। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड में एक बार फिर एकलव्य विद्यालय और आश्रम विद्यालय की शुरूआत की जाएगी। जिन स्थानों पर पहले से इन विद्यालयों का निर्माण हो चुका है, वहां पढ़ाई अभी बंद है। लेकिन सरकार योजनाबद्ध तरीके से उन विद्यालयों में शिक्षा देने की शुरूआत करेगी। आदिवासी समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा उपलब्ध हो, इसके लिए हेमंत सोरेन की सरकार ने पहले भी बड़े फैसले लिए हैं। यहां के बच्चों को पढ़ने के लिए इंग्लैंड भेजने का फैसला भी सरकार ने लिया है। कई बच्चे स्कॉलरशिप पर वहां पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन देश में भी झारखंड के बच्चे बेहतर सेवा दे सकें, इसलिए यूपीएससी, इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई के लिए भी सरकार योजना बना रही है।

BRIEF NEWS

राजद की ओर से बुजुर्गों में किया गया कंबल वितरण

RANCHI : रविवार को कोकर राष्ट्रीय जनता दल द्वारा पूर्व महानगर अध्यक्ष अर्जुन यादव के नेतृत्व में कोकर अखड़ा कोचा तिरिल बस्ती में कंबल वितरण किया गया। इसमें ज्यादातर बुजुर्ग पुरुष और महिलाएं शामिल थी। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं और कार्यकताओं ने पार्टी के सिद्धांतों व नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए बुजुर्गों को कंबल प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्जुन यादव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता यही है कि हम घर-घर जाकर लालू जी की नीतियों और सिद्धांतों के बारे में लोगों को बताएं। मौके पर सुनील टोप्पो, अरुण यादव, मुरारी साहू, हरि राय, विजय लोहार, पप्पू लोहार, सुनील उरांव, लालू उरांव मौजूद थे।

ठगी के आरोपियों के खिलाफ इश्तेहार चस्पा

RANCHI : पिठोरिया पुलिस ने ठगी के आरोपियों- जय प्रकाश उरांव और हेमलता खलखो के घर पर इश्तेहार चस्पा किया है। पुलिस ने पिठोरिया थाना में दर्ज कांड संख्या 04/2023 में यह कार्रवाई की है। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी धारा 406, 420, 504, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। अब दोनों आरोपी फरार चल रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट से नोटिस निकालकर दोनों आरोपियों के घर पर इश्तेहार चिपकाया।

रांची से महाकुंभ के लिए चालू हो गई स्पेशल ट्रेन

RANCHI : रेलवे ने रांची से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए रविवार से स्पेशल ट्रेन संख्या 08067 की शुरूआत की है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची रेलवे स्टेशन से टूंडला के लिए महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने उनसे झारखंड की सुख-समृद्धि के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगने का भी आग्रह किया।

गंगाधर राव हत्याकांड में तीन अपराधी गिरफ्तार

RANCHI : रांची के तमाड़ पुलिस ने गंगाधर राव हत्याकांड मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में विवेक सिंह मुंडा, विजय लोहरा, सचिन मुंडा शामिल हैं। गिरफ्तार तीन अपराधी मधुकम प्लांट के मैनेजर गंगाधर राव की हत्या में शामिल थे। पुलिस की पूछताछ में तीनों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

34.5 एकड़ अफीम की खेती नष्ट, एक अरेस्ट

RANCHI : रांची पुलिस अफीम की खेती के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम, सोनाहातु और दशामफॉल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर तथा ग्रास कटर मशीन ने नष्ट किया गया। सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में जंगल झाड़ में लगभग 34.5 एकड़ लगे अफीम को विनष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस ने एक आरोपी धनीराम महतो को अरेस्ट कर जेल भेज दिया।

कुख्यात सजाउद्दीन के दो गुर्गों के घर पुलिस ने चस्पा किया इश्तेहार

CRIME REPORTER RANCHI : कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन अंसारी को जेल भेजने के बाद पिठोरिया पुलिस ने उसके गिरोह पर भी नकेल कसना शुरू कर दिया है। रविवार को पुलिस ने अपराधी शाहिद उर्फ छोटू और फारुक अंसारी के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने अपराधियों के परिजनों को जल्द से जल्द सरेंडर करवाने की हिदायत भी दी है। पिठोरियो थाना में दर्ज कांड संख्या 33/24 में पुलिस ने यह कार्रवाई की है। यह मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। अपराधी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद उर्फ छोटू और फारुख ने आजाद नाम के युवक के साथ मारपीट की थी। इसी मारपीट के मामले में ये नामजद हैं। शाहिद उर्फ छोटू और फाहरुख गिरफ्तारी की डर से फरार चल रहे हैं। सजाउद्दीन के जेल जाने के बाद गिरोह के सभी गुर्गों में डर बैठ गया है। बता दें कि पुलिस ने 14 जनवरी को कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन को कांके थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। वह अपना हुलिया बदलकर छिपा हुआ था। रांची के अलग-अलग थानों में सजाउद्दीन के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं। प्रशासन ने उसे जिला बदर भी किया था।

फरार चल रहे हैं अपराधी शाहिद उर्फ छोटू व फारुख अंसारी, पिठोरियो थाना में दर्ज कांड संख्या 33/24 में की गई कार्रवाई

21 मार्च 2024 को दर्ज हुई थी एफआईआर

आजाद ने 21 मार्च 2024 को पिठोरिया थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। दरअसल, एक जमीन मामले की जांच करने सीआईडी के अधिकारी पिठोरिया थाना क्षेत्र के इलाके में पहुंचे थे। इस दौरान सीआईडी को अपना बयान दर्ज करा रहे वादी आजाद सहित अन्य लोगों पर कुख्यात अपराधी सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद उर्फ छोटू और फाहरुख अंसारी व अन्य अपराधियों ने हमला कर दिया था। इस हमले में आजाद घायल हो गया था। इसके बाद आजाद ने सात नामजद के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इसमें कुख्यात सजाउद्दीन, शाहिद उर्फ छोटू, फारुख अंसारी, तमजीद अंसारी, इरशाद अंसारी, बब्लू अंसारी और साहिल अंसारी को आरोपी बनाया गया था।

फरार अपराधियों के घर पर इश्तेहार चिपकाती पिठोरिया पुलिस।

चार को कोर्ट से मिली थी जमानत

घटना में शामिल सभी अपराधियों ने कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी। घटना में शामिल तमजीद अंसारी, इरशाद अंसारी, बब्लू अंसारी, साहिल अंसारी को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। कुख्यात सजाउद्दीन अंसारी, शाहिद उर्फ छोटू और फारुक अंसारी की बेल कोर्ट ने रिजेक्ट कर दी थी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी। शाहिद उर्फ छोटू और फारूक अंसारी अब भी फरार हैं। इस बीच सजाउद्दीन को पुलिस ने अरेस्ट कर जेल भेजा था। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट के द्वारा जारी इश्तेहार को चस्पा किया।

एक महीने के अंदर तीन वारदात को दिया था अंजाम

नवंबर-दिसंबर 2024 के बीच रांची के अलग-अलग थानों में सजाउद्दीन पर गंभीर धाराओं में तीन मामले दर्ज किए गए थे। जिसमें रंगदारी, जानलेवा हमला, लूटपाट, मारपीट व अन्य शामिल हैं। गिरफ्तारी नहीं होने से सजाउद्दीन का मनोबल बढ़ता जा रहा था। रंगदारी, जमीन पर कब्जा, मारपीट जैसे घटनाओं को सजाउद्दीन लगातार अंजाम दे रहा था। सजाउद्दीन की गिरफ्तारी से लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगा है। कुख्यात सजाउद्दीन पर रांची के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दर्जनों मामले दर्ज हैं। पिठोरिया थाना में 12/19, 97/20, 128/20, 22/2022, 135/23, 12/24, 33/24, 46/24, 135/24 व लोअर बाजार थाना में 314/24 कांड संख्या दर्ज हैं। सभी मामले में गंभीर धाराएं हैं।

रंगदारी के लिए दिया था घटना को अंजाम, दो मजदूरों को लगी थी गोली

ओरमांझी फायरिंग केस : गैंगस्टर सुजीत का साला सहित दो गिरफ्तार

CRIME REPORTER RANCHI : रांची में रंगदारी के लिए लगातार घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। एक तरफ अपराधी नई-नई घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, दूसरी ओर पुलिस भी रेस है। लगातार अपराधियों को दबोच कर जेल भेज रही है। इस बीच पुलिस ने फिर दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधियों ने रंगदारी के लिए जानलेवा हमले को अंजाम दिया था। दो लोगों को गोली मारकर जख्मी भी कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने सुजीत सिन्हा की पत्नी के भाई डेविल को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग के दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों में विक्की वर्मा उर्फ सशांक उर्फ डेविल और आयुष राज उर्फ छोटू शामिल हैं। विक्की वर्मा गैंगस्टर सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया का भाई है। पुलिस ने इनके पास से बैग, टैब, मोबाइल और डायरी को बरामद किया है। पूरे मामले की जानकारी ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर दी।

पुलिस ने इनके पास से बैग, टैब, मोबाइल और डायरी की बरामद

गिरफ्तार अपराधियों के बारे में मीडिया को जानकारी देते पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

विक्की के खिलाफ पहले से दर्ज हैं कई मामले

एसपी ने बताया कि विक्की वर्मा का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। लालपुर और कांके थाना में इसके खिलाफ केस दर्ज है। इस मामले में पुलिस ने एक अपराधी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

पकड़ने के लिए बनी थी एसआईटी

एसपी ने बताया कि पिछले साल नवंबर में ओरमांझी में काम कर रहे दो मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। दोनों को अपराधियों ने एक-एक गोली मारी थी। इसके मामले में ओरमांझी थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई था। मामले का खुलासा करने के लिए सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया था। एसआईटी की जांच में यह पता चला कि इस घटना को सुजीत सिन्हा गैंग ने अंजाम दिया है। इसके बाद एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधियों को अरेस्ट कर लिया।

छत्तीसगढ़ व रांची से पकड़े गए अपराधी

एसएसपी ने बताया इस मामले में पुलिस ने पूर्व में अपराधी जिशान सेख उर्फ रिक्की को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में रिक्की में अपने साथियों का नाम बताया था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विक्की वर्मा उर्फ सशांक उर्फ डेविल को छत्तीसगढ़ के रायपुर और आयुष राज उर्फ छोटू शामिल को विकास गोलचक्कर, शालीमार नर्सरा के पास से गिरफ्तार किया। अपराधियों को गिरफ्तार करने में एटीएस के तकनीकी शाखा और रांची जिला के तकनीकी शाखा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। 22 नवंबर 2024 को ओरमांझरी थाना क्षेत्र के ग्राम डाहु स्थित फटाही प्लॉट (चिड़िया घर के बगल में) में संजीव जायसवाल अपने साइट पर काम करवा रहे थे। इस दौरान बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और गोलीबारी कर दी। इस घटना में उनके स्टाफ जावेद और आजाद घायल हो गए थे। दोनों को एक-एक गोली लगी थी।

डॉ. मृत्युंजय सिंह बने झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन के सचिव

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन (झासा) के वर्तमान सत्र का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया 4 बजे तक चली। इसके बाद मतों की गिनती की गई। शाम 4:30 बजे चुनाव परिणाम घोषित किया गया। झासा के चुनाव में डॉ. विमलेश सिंह निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए थे। चूंकि अध्यक्ष पद के लिए एक और उम्मीदवार ने नामांकन किया था। लेकिन, चुनाव से पहले और नामांकन खत्म होने के साथ ही उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था। कोल्हान के उपाध्यक्ष पद पर डॉ. जगन्नाथ हेंब्रम ने 138 वोटों के साथ जीत दर्ज की। इसके अलावा सचिव पद पर डॉ. ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने जीत दर्ज की। सचिव पद पर डॉ. ठाकुर मृत्युंजय सिंह ने 899 मतों के साथ शानदार जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंदी डॉ. कृष्ण मुरारी सिंह को 267 मत मिले। परिणाम से साफ हो गया कि झासा के सदस्यों ने डॉ. ठाकुर मृत्युंजय सिंह के नेतृत्व और कार्यशैली पर भरोसा जताया है। राज्य कन्वेनर पद पर डॉ. शरद कुमार ने 827 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उनके प्रतिद्वंदी डॉ. सिद्धेश्वर बास्की को 213 मत मिले, जबकि डॉ. संतोष कुमार को 122 मत प्राप्त हुए। अब एसोसिएशन को डॉ. शरद कुमार के नेतृत्व में काम करने का मौका मिलेगा। चुनाव के परिणाम आने के बाद झासा के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नए नेतृत्व के तहत संगठन को और मजबूती मिलेगी।

उपाध्यक्ष के लिए ये चुने गए थे निर्विरोध

नामांकन के बाद उपाध्यक्ष भी लगभग तय हो गए थे। इसमें डॉ. रवि राज डेंटल विंग, डॉ मोसारत्त यामिनी फीमेल विंग, डॉ. मो शमीम अख्तर हेड क्वार्टर रांची, डॉ. अनुपम किशोर दक्षिणी छोटानागपुर, डॉ. संजय कुमार उत्तरी छोटानागपुर, डॉ. अंशुमन सागर पलामू और डॉ. मोहन पासवान संथाल परगना निर्विरोध चुन लिए गए थे।

सफाई कर्मियों के साथ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सुनी 'मन की बात'

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 118वें एपिसोड को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। संजय सेठ ने इस अवसर पर कहा कि भारत वासियों की उपलब्धि, उनकी गाथा सुनाने का अवसर मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सबको एक ऊर्जा प्राप्त होती है। उसी ऊर्जा के साथ हम लोग आगे काम कर पाते हैं। हमारे देश के ऐसे होनहार, जो अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं, उसके बारे में जानने का मौका मिलता है। सेठ ने कहा कि आज जो भारत में कुंभ का आयोजन हो रहा है, इस कुंभ की व्यवस्था वहां के मैनेजमेंट जिसकी पूरे विश्व में आज सराहना हो रही है, उसे जानने का मौका मिल रहा है। स्टार्टअप, भारतीय स्पेस डॉकिंग ऐसे कई उत्कृष्ट कार्य हैं, जिससे आज भारत विश्व के चौथे नंबर पर है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने का सपना है कि कैसे देश सर्वश्रेष्ठ बने। बता दें कि पंडरा मंडल, सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ो सफाई कर्मी मन की बात सुनने जुटे थे।

सफाई कर्मियों के साथ 'मन की बात' सुनते संजय सेठ व अन्य। ● फोटोन न्यूज

बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए चिकित्सकों और अन्य कर्मियों को मिली ट्रेनिंग

RANCHI : रविवार को स्वास्थ्य विभाग और हंस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में राज्य के 12 जिलों के 50 प्रखंडों से चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। समापन के अवसर पर क्षेत्रीय उपनिदेशक सह रांची सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने हंस फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में इसे महत्वपूर्ण कदम बताया। अंतिम दिन के प्रशिक्षण में रिम्स पीएसएम विभाग के डॉ. देवेश कुमार और डॉ. दिलीप कुमार ने एनसीडी प्रबंधन और संक्रामक रोगों की निवारक चिकित्सा पर जानकारी दी। यह प्रशिक्षण शिविर चिकित्सा अधिकारियों को व्यापक दृष्टिकोण और समाधान के प्रति प्रशिक्षित करने के लिए आयोजित किया गया था। जिससे वे ग्रामीण इलाकों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर सकें।

राजधानी रांची में होगा राज्यभर के कराटे खिलाड़ियों का जुटान

PHOTON NEWS RANCHI : सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में इमा कप झारखंड इंटर स्कूल-कॉलेज कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 22 मार्च से रांची के संत जोसेफ क्लब में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की मेजबानी रांची के संत जोसेफ क्लब द्वारा की जा रही है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बहु बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में एक बैठक हुई गया। इसकी अध्यक्षता शिहान सुनील किस्पोट्टा ने की। बैठक में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा की अगुवाई में कमेटी गठित हुई। आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों में आयोजन निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा, अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, उपाध्यक्ष मोहिनी रितिक टोप्पो, राकेश तिर्की, सचिव उमाशंकर महतो, पीटर कच्छप, कुंदन उरांव और संयुक्त सचिव रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तरफदार, कुमार अभिषेक को शामिल किया गया है। इसके अलावा सदस्यों में सुदेश कुमार महतो, देवंती कुमारी, एनी कोनगाड़ी, अक्षय कुमार महतो, आरती टोप्पो, दीपशिखा तिग्गा, रितिका तिग्गा, दीपा विनीता लिंडा, प्रतिभा तिग्गा, आयुष सांगा शामिल हैं।

बड़ी सुविधा : सप्ताह में 6 दिन कैंप लगाकर 11 से 1 बजे तक हो रही स्क्रीनिंग

अब सदर अस्पताल में होगा छोटे बच्चों के दिल का इलाज

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची स्थित राज्य के दूसरे सबसे बड़े हॉस्पिटल सदर में अब छोटे बच्चों के दिल का इलाज होगा। कैंप में लक्षण वाले बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके बाद फरवरी में लगने वाले मेगा स्क्रीनिंग कैंप में स्पेशलिस्ट डॉक्टर बच्चों की फाइनल जांच करेंगे। इसके बाद बच्चों की सर्जरी कोच्चि के अमृता हॉस्पिटल में फ्री में की जाएगी। हर सप्ताह सोमवार से शनिवार तक 11 बजे से 1 बजे तक बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही है। ऐसे में बच्चों के पैरेंट्स उन्हें लेकर किसी भी दिन हॉस्पिटल के कार्डियक ओपीडी में जाकर स्क्रीनिंग करा सकते है। जहां बच्चों के जन्म से लेकर अबतक की पूरी हिस्ट्री डॉक्टर लेंगे। पूरी जानकारी मिलने के बाद बच्चों की स्क्रीनिंग कर पता लगाएंगे कि बच्चे की समस्या कितनी गंभीर है। इसके बाद डॉक्टर उनकी फाइल तैयार करेंगे। यह सुविधा वैसे परिवारों को मिलेगी, जो बीपीएल कार्डधारी, येलो कार्डधारी और वैसे परिवार जिनकी सालाना आय 1 लाख रुपये तक है। इसके अलावा बच्चों के परिजनों को आय प्रमाण पत्र भी लेकर आना होगा, ताकि उन्हें इस सुविधा का लाभ मिलने में कोई परेशानी न हो। बता दें कि इस योजना के तहत 6 महीने से लेकर 18 साल से कम उम्र के बच्चे का इलाज निशुल्क किया जाएगा।

अगले माह मेगा स्क्रीनिंग के बाद आवश्यकता के अनुसार शुरू होगी सर्जरी की प्रक्रिया

छह महीने से लेकर 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों का होगा प्रॉपर इलाज

मेगा स्क्रीनिंग में बाहर से आएंगे डॉक्टर

प्राइमरी स्क्रीनिंग के बाद फरवरी में डॉक्टरों की टीम आएगी। इसके बाद अमृता हॉस्पिटल के डॉक्टर बच्चों की फाइनल स्क्रीनिंग कर उनके आपरेशन का शेड्यूल तैयार करेंगे। इससे मरीजों को भी परेशानी नहीं होगी। रांची में इसकी जिम्मेदारी रोटरी क्लब को दी गई है, जो सदर अस्पताल के साथ मिलकर निशुल्क छोटे बच्चों के दिल का इलाज कराने के लिए काम कर रहे है।

झारखंड यात्री संघ ने उठाई पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम दुरुस्त करने की आवाज

RANCHI : झारखंड यात्री संघ ने अबुआ पोर्टल के माध्यम से राज्य सरकार से झारखंड में एक सुव्यवस्थित पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम स्थापित करने की अपील की है। इस संबंध में नगर विकास विभाग और परिवहन विभाग को अलग-अलग सुझाव भेजे गए हैं। झारखंड यात्री संघ के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने इन सुझावों पर जोर देते हुए कहा कि राज्य के सभी प्रमुख शहरों जैसे रांची, जमशेदपुर, धनबाद और देवघर में पर्याप्त संख्या में सिटी बसों का संचालन किया जाए, ताकि आम जनता को टेंपो चालकों की मनमानी से राहत मिल सके। वहीं आम लोगों के लिए आवागमन सुविधाजनक हो सके। मित्तल ने परिवहन विभाग को भेजे गए अपने सुझाव में कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी झारखंड राज्य परिवहन निगम (जेएसटीसी) की स्थापना की जाए, ताकि राज्य के विभिन्न हिस्सों में सरकारी बसों का संचालन किया जा सके। इससे राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी स्थापित हो सकेगी और निजी बस संचालकों की मनमानी से भी जनता को राहत मिलेगी।

शिव शक्ति व हनुमत मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में उमड़े श्रद्धालु

PHOTON NEWS RANCHI : रविवार को वृंदावन नगर (मुरला पहाड़) में नवनिर्मित शिव शक्ति एवं हनुमत मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भव्य महायज्ञ समारोह हुआ। इसमें विशेष रूप से देवताओं के आह्वान हेतु कलशयात्रा का आयोजन किया गया। सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, समाजसेवी बबन कुमार मौजूद थे। अतिथियों ने कहा कि मोहल्ले में मंदिर बन जाने से धर्म प्रेमियों, महिलाओं और बुजुर्गों को पूजा पाठ करने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले क्षेत्र के लोग पूजा अर्चना और ध्यान के लिए दूर पहाड़ी स्थित मंदिरों का रुख करते थे। हिंदू धर्म में मंदिर का विशेष महत्व है। मंदिर न केवल भक्ति का स्थान होता है, बल्कि यह जीवन जीने की कला भी सिखाता है।

शहरनामा

वीरेंद्र ओझा

उड़ी-उड़ी रे पतंग

इस बार मकर संक्रांति के मौके पर शहर भर में पतंगबाजी के इतने आयोजन हुए, जितने शायद पहले कभी नहीं हुए थे। आसमान में रंगबिरंगी पतंग देखकर पुरानी फिल्म का गाना उड़ी-उड़ी रे पतंग उड़ी रे... अनायास ही याद आ गया। मकर संक्रांति पर पहले से पतंगबाजी का आयोजन सिर्फ गुजराती समाज करता था, लेकिन इस बार कई समाज-संस्थाओं ने किया। इस बार भगवान भास्कर को समर्पित संस्था ने भी आयोजन किया, जिसमें जानी-मानी हस्ती ने भी पतंग उड़ाए, जिन्हें भारी चीज उड़ाने के लिए जाना-पहचाना जाता है। उन्हें पतंग उड़ाते देख लोग कह भी रहे थे कि आज इन्हें भी पता चल गया होगा कि धरती से मनुष्य पतंग या गुब्बारे ही उड़ा सकता है। ध्यान रहे, हम ड्रोन या हवाई जहाज जैसी यांत्रिक वस्तुओं की बात नहीं कर रहे हैं। हम निर्जीव वस्तु की बात कर रहे हैं, इसलिए आप कुछ ऐसा-वैसा मत सोचिएगा।

सबने नहीं पहनी टोपी

अपने देश में टोपी पहनाना मुहावरे के रूप में प्रचलित है, टोपी पहनने को कोई बुरा नहीं मानता। हम टोपी की चर्चा इसलिए कर रहे

हैं, क्योंकि हाल में एक ऐसा वाकया देखने को मिला, जिसमें समारोह के दौरान बमुश्किल आधा दर्जन लोग ही टोपी पहने नजर आए थे, जबकि वहां भीड़ सैकड़ों की थी। सभी एक ही बिरादरी के थे, इसलिए सवाल उठाया गया कि सबने टोपी क्यों नहीं पहनी थी। कुछ ने कहा कि यहां उन्होंने ही टोपी पहनी थी, जो टोपी पहनाने के लिए जाने जाते हैं। यह सुनते ही भीड़ में खुसफुसाहट शुरू हो गई, क्या हमें टोपी पहनाना नहीं आता है। दूसरे ने कहा-ठीक है, भई। अब बस करो, हम जानते हैं कि तुम भी कई लोगों को टोपी पहनाते रहे हो, लेकिन टोपी पहनाने की वजह से ...ख्यात तो नहीं हुए ना। हम कैसे मान लें कि तुम टोपीबाज हो।

मसाला टी का राज

इस लौहनगरी में चाय या टी के इतने शौकीन हैं कि जगह-जगह चौक-चौराहे या किसी नुक्कड़ पर चाय पीने वालों की भीड़ सुबह-शाम की कौन कहे, दोपहर में भी चहल-पहल दिख जाती है। अब तो कॉफी हाउस की तरह यहां दो-तीन टी-हाउस भी खुल गए हैं। खैर यहां बात हो रही है, मसाला टी या चाय की। हर कोई ब्लैक या रेड टी नहीं पीता, कुछ मसाला चाय के भी शौकीन हैं। भले ही वह मसाला दिखे या नहीं, उसका बस स्वाद ही मिलता है। पता चला है कि सरकार उस मसाले को ही खोजने-तलाशने में जुटी है, जो दिखता नहीं है, लेकिन उसके नशे में सैकड़ों लोग उस चाय को पीने के लिए जुटते हैं। विडंबना ही कहेंगे कि पहले लोग कहते हैं कि इस दुकान में अच्छी चाय नहीं मिलती, वहां चलो। जब वह अच्छी चाय बनाता है, तो उसे नजर लगाने लगते हैं।

नशा बना रहा चोर

शहर में हाल के कुछ वर्षों से ऐसे चोरों की तादाद बढ़ी है, जो अमीर बनने के लिए नहीं, नशे के लिए दूसरों के गले, जेब, बाइक या घर तक पर हाथ फेर दे रहे हैं। इसे सामाजिक संस्कार का ही दोष कहा जाएगा कि अब लड़के अपने शौक के लिए दूसरों को कंगाल बनाने से नहीं हिचक रहे हैं। पुराने जमाने में जब बच्चों को अपना कोई शौक पूरा करना होता था, पिता की जेब से पैसे चुराते थे। इससे आगे बढ़ते थे तो घर के बर्तन, गहने आदि बाजार में बेच देते थे। मां-बाप अपने कोख की लाज रखने के लिए मुंह नहीं खोलते थे, जिससे किसी को पता नहीं चलता था। इसमें अधिकतर बड़े होकर सुधर जाते थे, जबकि कुछ पास-पड़ोस की दीवार फांदना शुरू कर देते थे। आजकल के लड़के इतने एडवांस हो गए हैं कि सीधे बाहर ही ट्राई करते हैं।

मानगो में ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या

मन्नान गली में खड़ा था कांग्रेस के पूर्व नेता जितेंद्र सिंह का भाई

PHOTON NEWS JSR: मानगो के गुरुद्वारा बस्ती में कांग्रेस के पूर्व नेता जितेंद्र सिंह के भाई ट्रांसपोर्टर संतोष सिंह की रविवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। संतोष सिंह अपने घर के पास मन्नान गली के पास खड़े थे। तभी बदमाश आए और गोली चलाने लगे। संतोष सिंह बचने के लिए भाग कर एक घर में घुस गए। लेकिन बदमाशों ने संतोष सिंह का पीछा किया। बदमाश भी संतोष सिंह के पीछे-पीछे उस घर में घुस गए, जहां संतोष छिपने गया था। अपराधियों ने घर में घुस कर संतोष सिंह के सीने में गोलियां उतार दीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार संतोष सिंह वहीं गिर गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हत्या की इस सनसनीखेज घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने में जुट गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। बताते हैं कि संतोष सिंह पूर्व में कांग्रेस से भी जुड़े रहे हैं। उनके भाई जितेंद्र सिंह भी कांग्रेस के नेता थे। जितेंद्र सिंह ने पिछले साल लोकसभा का चुनाव भी लड़ा था। इसके बाद झारखंड विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था, लेकिन हार गए थे। बताया जाता है कि संतोष सिंह भी कांग्रेस का सदस्य था।

घटनास्थल पर जुटी भीड़ ● फोटोन न्यूज

समाचार सार

नंदलाल स्कूल के बच्चों ने मनाई पिकनिक

GHATSILA : संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर ने कक्षा चतुर्थ एवं पांचवीं के छात्रों के लिए रविवार को पिकनिक का आयोजन किया। पिकनिक

स्पॉट पर बच्चों ने विभिन्न झूलों, स्लाइड आदि का आनंद उठाया। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि पिकनिक में 120 बच्चों के साथ प्राइमरी प्रभारी सुजाता वर्मा, पामेला भट्टाचार्या, रितु कर्मकार, मीना सिंह, सुजाता दास व श्रावणी आदित्य भी शामिल थीं।

गणेश हांसदा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

GHATSILA : बहरागोड़ा प्रखंड अंतर्गत मानुषमुड़िया मैदान में रविवार

को तीसरा गलवान वीर शहीद गणेश हांसदा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। इसका उद्घाटन घाटशिला के एसडीपीओ अजित कुमार कुजूर तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक मो. जावेद ने किया। उदघाटन मैच जगन्नाथपुर इलेवन बनाम चंद्रपुर के बीच खेला गया, जिसमें जगन्नाथपुर की टीम ने जीत हासिल की। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल हैं। फाइनल मैच 26 जनवरी को खेला जाएगा। इस मौके पर बहरागोड़ा के अंचल अधिकारी राजा राम सिंह मुंडा, बरसोल थाना प्रभारी चंदन कुमार, चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार व मुखिया राम मुर्मू के अलावा संचालन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

रौनियार वैश्य संघ के वनभोज में पहुंचे मंत्री

CHAIBASA : रौनियार वैश्य संघ (गुप्ता समाज), चाईबासा द्वारा लुपुंगुटु झरने में रविवार को पारिवारिक मिलन समारोह सह वनभोज मनाया गया। इसमें राज्य सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा व विशिष्ट अतिथि

समाजसेवी घनश्याम दरबारा व सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार भी शरीक हुए। इस दौरान संघ के संरक्षक अधिवक्ता राजाराम गुप्ता, अध्यक्ष जयदीप प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकिशोर साहू व मनीष कुमार गुप्ता, सचिव महावीर प्रसाद राम, संयुक्त सचिव संजीव कुमार गुप्ता व कोषाध्यक्ष छोटू लाल गुप्ता आदि सक्रिय रहे।

फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

CHAIBASA : टोन्टो प्रखंड स्थित मौदा में एवरग्रीन क्लब मौदा द्वारा आयोजित खेलकूद सह फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को हुआ, जिसमें मंत्री दीपक बिरुवा शरीक भी शामिल हुए। इस अवसर

पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो के प्रखंड सचिव राज नारायण तुबिद, दीपक तुबिद, जीतू बारी, विश्वनाथ तुबिद, जगमोहन सिंह कुंकल, बबलू तुबिद, डेबरा मास्टर, मूचिया बारी, पूर्णचंद्र तुबिद, सुकमोहन बारी आदि भी मौजूद थे।

ब्रह्मकुमारीज की पुस्तक का हुआ विमोचन

CHAKRADHARPUR : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, माउंटआबू से संबद्ध चक्रधरपुर स्थित ब्रह्मकुमारीज

पाठशाला परिसर में रविवार को अनमोल जिज्ञासा नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। पाठशाला की संचालक बीके मानिनि व उर्मिला सिंघानिया ने बताया कि पुस्तक में यज्ञ माता जगदंबा सरस्वती मम्मा, यज्ञ की वरिष्ठ दादी प्रकाशमणि, दादी जानकी, दादी गुलजार के कर्तव्यनिष्ठा आदि पर प्रकाश डाला गया है।

भोजपुरी आइडल सीजन-2 का ऑडिशन हुआ

JAMSHEDPUR : भोजपुरी संस्कृति मंच द्वारा आयोजित भोजपुरी आइडल सीजन-2 का दूसरा ऑडिशन रविवार को साकची में हुआ। इस अवसर पर मंच के मुख्य संरक्षक भरत सिंह ने बताया कि इसमें दूरदराज के प्रतिभागियों ने भी प्रस्तुति दी। इस दौरान सुनील सहाय ने प्रतिभागियों की गायन क्षमता और प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। ऑडिशन में मंच के संयोजक सह गीतकार तोमर सत्येंद्र भी उपस्थित थे।

एनएच एलिवेटेड कॉरिडोर का शिलान्यास आज

JAMSHEDPUR : रांची-टाटा नेशनल हाईवे-33 पर एलिवेटेड कॉरिडोर बन रहा है। इसका भूमिपूजन सोमवार को सुबह 11 बजे डिमन चौक पर होगा। यह जानकारी सांसद बिद्युत बरण महतो ने दी है। इस मौके पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय भी मौजूद रहेंगे।

शिक्षकों को ग्रेड-3 में प्रोन्नति दे सरकार : संघ

JAMSHEDPUR : झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक रविवार को भालूबासा स्थित हरिजन मध्य विद्यालय में हुई। जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। कहा गया कि ग्रेड-7 के पदों पर प्रोन्नति देने पर न्यायालय की रोक है। इसलिए सरकार ग्रेड-3 पद पर प्रोन्नति दे। मीटिंग में यह मुद्दा उठाया गया कि सरकार प्रोन्नति की नई नियमावली बना रही है। इसके तहत 50 प्रतिशत पद सीधी नियुक्ति और 50 फीसद पद प्रोन्नत शिक्षकों के लिए रिजर्व रखने का प्रावधान तैयार हो रहा है। कहा गया कि सरकार पहले प्रोन्नत शिक्षकों को ग्रेड-7 में प्रोन्नति दे। इसके बाद नई नियमावली लागू करे। यह मामला

भालूबासा में उपस्थित शिक्षक

अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ई-विद्यावाहिनी में तकनीकी खामियों के चलते शिक्षकों को ऑनलाइन हाजिरी बनाने में परेशानी हो रही है। विभागीय नियमों के अनुसार, शिक्षकों को ऑनलाइन अर्जित अवकाश, चिकित्सा अवकाश और अन्य छुट्टियां लेने की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन अभी भी पुराने पद्धतियों से ऑफलाइन छुट्टियां स्वीकृत की जा रही हैं, जो न्यायसंगत नहीं है।

कुचाई में 9 एकड़ में अफीम की फसल नष्ट, दो गिरफ्तार

SERAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई प्रखंड में पुलिस ने लगभग 9 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की, जबकि इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दलभंगा ओ०पी० अंतर्गत बीजार, कुदाडीह, मेरोमजंगा, बारूहातु, टोला-लिपीजारी, गुटुहातु, गोमेयाडीह में अफीम या पोस्ता की खेती की गई है। छापामारी दल ने बीजार गांव में कुल-2.70 एकड़, कुदाडीह में कुल 2.0 एकड़, बारूहातु, टोला-लिपिजारी में 0.6 एकड़, कुल-5.3 एकड़ जमीन में लगी अफीम या पोस्ता की खेती को नष्ट किया। दल ने खेती में संलिप्त सुरेंद्र सिंह मुंडा और सुखराम मुंडा को गिरफ्तार किया। वहीं पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस ने बदगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जातेबेड़ा में करीब 5 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया।

बिजली सब-स्टेशन में डकैती, ले गए 18 लाख के कॉपर क्वायल

कर्मियों को बना लिया था बंधक, हथियारबंद डकैतों ने बांध दिए थे सभी के हाथ-पैर

PHOTON NEWS JSR: पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत हाता में रविवार को देर रात डकैतों ने बिजली सब-स्टेशन पर धावा बोला। हथियारों से लैस डकैतों ने यहां कर्मचारियों को सब-स्टेशन के स्विच रूम में बंधक बना लिया। सभी के हाथ-पैर बांध दिए और मुंह में कपडा ठूंस दिया, ताकि कोई चीख-चिल्ला नहीं सके। इसके बाद डकैतों ने आराम से लूटपाट की और फरार हो गए। डकैत यहां से 18 लाख रुपये कीमत के कॉपर क्वायल ले गए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पोटका के विधायक संजीव सरदार भी सब-स्टेशन पहुंचे और पुलिस को फौरन डकैतों का पता लगाकर गिरफ्तार करने को कहा।

सुबह ड्यूटी पर पहुंचा लाइनमैन, तब डकैती का पता चला : बताते हैं कि बिजली सब-स्टेशन पर सभी बिजली कर्मचारी रात भर बंधे रहे। इन सभी कर्मचारियों को एक कमरे में बंद कर दिया गया था। डकैतों ने इनका मोबाइल फोन भी छीन लिया था। इस वजह से ये लोग किसी को फोन कर घटना की जानकारी नहीं दे सके।

सब-स्टेशन पहुंचे विधायक संजीव सरदार ● फोटोन न्यूज

केएसएमएस में 'चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्ट्री' का हुआ नाट्य मंचन

JAMSHEDPUR : गोलमुरी स्थित केरला समाजम मॉडल स्कूल में रविवार को लेखक रोल्ड राही के बहुचर्चित बाल उपन्यास पर आधारित 'चार्ली एंड द चॉकलेट फैक्ट्री' का नाट्य मंचन किया गया। नृत्य, गीत, वेशभूषा, बेहतरीन मंच सज्जा, पल-पल बदलती डिजिटल पार्श्व सज्जा, मधुर ध्वनि, अभिनय, कोरस समूह गान से भरपूर इस नॉट्य मंचन में 175 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कक्षा-2 से कक्षा 9 तक के बच्चे थे। नाटक का अभ्यास कराने में 30 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थीं। मुख्य कलाकार चार्ली की भूमिका में साई देवांशु धाल के अलावा अन्य भूमिका में अगस्त भारद्वाज, कुरैश आलम, पल्लव सेनगुप्ता, अदिति मंडल, प्रज्ञा राय व श्रिनिका बोस भी शामिल थे।

अनाथालय के संचालक व बच्चों को लाया गया थाना

थाने में बैठे संचालक व बच्चों के अभिभावक ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : दामपाड़ा क्षेत्र अंतर्गत लेदा गांव में संचालित कांठा सिंह अनाथालय के संचालक तरुण कर्मकार, शिक्षक संजीत कुमार पाल एवं बच्चों को रविवार को घाटशिला थाना लाया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मधुसूदन दे ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर बाल संरक्षण समिति द्वारा अनाथालय की जांच की गई। जांच में अनाथालय की मान्यता से संबंधित कोई कागजात नहीं मिला। अनाथालय में 13 बच्चे रहते हैं। इन बच्चों के पिता नहीं हैं। ऐसे में बच्चों की मां की सहमति से बच्चों को अनाथालय में रखा गया है। मां या बच्चों ने भी किसी तरह की प्रताड़ना की शिकायत नहीं की गई है। थाने में भी किसी तरह मामला दर्ज नहीं है। सीडब्ल्यूसी के जिला कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार ने बताया कि सभी बच्चों को बाल संरक्षण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा एवं निर्णय होगा। इसके बाद सरकार की ओर से अनाथ बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपये गुजारा भत्ता देने का प्रावधान है। वर्ष 2019 में ही इस अनाथालय का रजिस्ट्रेशन खत्म हो चुका है।

सीटू ने मनाया किसान-मजदूर एकता दिवस

JAMSHEDPUR : सीटू ने किसान-मजदूर एकता दिवस साकची के बिरसा चौक पर रविवार को मनाया। इस दौरान नुक्कड़ सभा हुई, जिसमें सीपीआई नेता केके त्रिपाठी ने कहा कि किसान-मजदूर दयनीय स्थिति में जी रहे हैं। केंद्र सरकार की नीतियों में किसान-मजदूरों की दशा सुधारने का काम नहीं हो रहा है। अब तो कॉरपोरेट प्रमुख श्रमिकों से 90 घंटे तक काम कराने का दुस्साहस कर रहे हैं। सभा को सीटू के झारखंड महासचिव विश्वजीत देव, जे मजूमदार, केडी प्रताप, केपी सिंह, संजय कुमार, पीआर गुप्ता, टी मुखर्जी आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान कहा गया कि बजट प्रस्तावों में हमारी मांगों को पूर्ण रूप से शामिल नहीं किया गया तो 5 फरवरी को केंद्रीय ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा देश भर में संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सभा के अंत में इंफोसिस और एलएंडटी के प्रमुखों की तस्वीरें जलाकर उनके मजदूर विरोधी रवैये का विरोध किया गया।

पिल्लई हॉल में देश भर के कवियों ने जमाई महफिल

कार्यक्रम में उपस्थित कवि व आयोजक ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए सड़क सुरक्षा समिति और माघ महोत्सव समिति द्वारा पिल्लई हॉल में शनिवार को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम संयोजक कवयित्री मीणा बंधन (रांची) और सहसंयोजक कवि पार्थ सत्पथी (चाईबासा) के नेतृत्व में जिन कवियों ने समां बांधा, उनमें हास्य कवि अतुल ज्वाला (इंदौर), हास्य कवि वंशीधर मिश्रा (बिलासपुर), वीर रस के कवि मनोज चौहान (मैनपुरी), वीर रस के नीरज पांडे (रायबरेली), वीर रस के सरोज झा झारखंडी (रामगढ़) रामगढ़, गजलकार नीता शेखर सिंह (गोंडा) और चंदन प्रजापति (रांची) शामिल थे। इन कवियों ने अपनी रचनाओं से लोगों को हंसाया, रुलाया और शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। देर रात तक चले कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य सरकार के मंत्री दीपक बिरुवा और उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अब ओवरब्रिज के साथ ही पहुंच पथ का भी निर्माण कराएगा रेलवे

गोविंदपुर आरओबी से पथ निर्माण विभाग का छूटा पिंड

MUJTABA RIZVI@JSR : अब देश में जहां भी रेलवे ओवरब्रिज बनेगा इसका पूरा निर्माण रेलवे ही कराएगा। पहले रेल लाइन के ऊपर ओवरब्रिज रेलवे बनाता था और पहुंच पथ का निर्माण पथ निर्माण विभाग कराता था। इस वजह से योजना उलझ जाती थी और रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में कई साल लग जाते थे। जमशेदपुर में जुगसलाई का रेलवे ओवरब्रिज इसी लेटलतीफी की मिसाल है। मगर, अब सरकार ने फैसला किया है कि रेलवे ओवरब्रिज के पहुंच पथ के निर्माण में राज्य सरकार का कोई लेना-देना नहीं होगा। रेलवे ही रेल लाइन के ऊपर ब्रिज बनाएगा और फिर पहुंच पथ का भी निर्माण कराएगा। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की योजना में कोई अडचन नहीं आए और इसे जल्द पूरा कर लिया जाए।

प्रतीकात्मक तस्वीर

अब आरसीडी का कोई लेना-देना नहीं

अब गोविंदपुर रेलवे ओवरब्रिज से राज्य सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। अब रेलवे ही पूरे ओवरब्रिज का निर्माण कराएगा। रेलवे रेल लाइन के ऊपर तो रेलवे ब्रिज बनाएगा ही। अब पहुंच पथ का निर्माण भी वही कराएगा। रेलवे द्वारा पूरे ओवरब्रिज के निर्माण का निर्णय होने के बाद अब पथ निर्माण विभाग इस योजना से दूर हो गया है। इस आरओबी से पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) की जान छूट गई है।

अतिक्रमण के चलते अटका हुआ है निर्माण का कार्य

गोविंदपुर में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की योजना काफी पुरानी है। इसके पहुंच पथ पर काफी अतिक्रमण है। लगभग 93 संरचनाएं टूटनी हैं। इस वजह से इसका निर्माण अटका हुआ है। तीन साल पहले छोटा गोविंदपुर में ग्राम सभा का आयोजन हुआ था। ग्राम सभा ने योजना को मंजूरी दे दी थी। मगर, बताया जा रहा है कि समय बीत जाने की वजह से ग्राम सभा की मंजूरी की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। अब रेलवे को इस ओवरब्रिज के निर्माण के लिए ग्राम सभा की मंजूरी दोबारा लेनी होगी। इस रेलवे ओवरब्रिज का शिलान्यास पिछले साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन किया था।

यू आकार का बनना है रेलवे ओवरब्रिज

हावड़ा-मुंबई अतिव्यस्त रेल लाइन पर गोविंदपुर है। यहां 70 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनना है। यह रेलवे ओवरब्रिज यू आकार का बनना है। पहले इसका पहुंच पथ सीधा बनना था। मगर, पहुंच पथ के रास्ते में काफी अतिक्रमण को देखते हुए इसे यू आकार का बनाने का फैसला हुआ है।

2017 में मिली थी आरओबी को मंजूरी

गोविंदपुर में आरओबी को आठ साल पहले प्रशासनिक मंजूरी मिली थी। मगर इसके निर्माण में तरह-तरह के अवरोध आने लगे। इस वजह से इस आरओबी का अब तक निर्माण नहीं हो पाया है। पिछले साल फरवरी में इसका आनलाइन शिलान्यास होने के बाद माना जा रहा था कि ओवरब्रिज का काम शुरू होगा। मगर, अब तक काम शुरू नहीं होने से लोग चिंतित हैं।

BRIEF NEWS

सीएम नीतीश ने महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का किया उद्घाटन

PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधान पार्षद संजय सिंह के सरकारी आवास 22 / एम स्ट्रैंड रोड पर राष्ट्रीय स्वाभिमान दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्र रत्न महाराणा प्रताप स्मृति समारोह का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्र रत्न महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। मुख्यमंत्री को विधान पार्षद संजय सिंह ने अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, पूर्व सांसद एवं जदयू के वरिष्ठ नेता वशिष्ठ नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा का किया अनावरण

PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी, सेक्टर-7 स्थित पार्क में त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल स्व सिद्धेश्वर प्रसाद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने स्व सिद्धेश्वर प्रसाद जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी और नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व सिद्धेश्वर प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

बिजली चोरी के आरोप में 1.15 लाख का जुर्माना

NALANDA : नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र के शेखपुरा डीह गांव में रविवार की अहले सुबह विद्युत ऊर्जा की चोरी करते हुए पांच लोगों को कनीय विद्युत अभियंता संकेत कुमार ने पकड़ा। उन्होंने बताया कि मानव बल के सहयोग से इन लोगों के घर में छापेमारी की गई, जिसमें संजय कुमार (43134), रघुनाथ प्रसाद (20116), गणेश पासवान (3515), गोपाल राम (20636), और दिनेश राम (28096) के मीटर से छेड़छाड़ कर बाईपास द्वारा विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी।कनीय विद्युत अभियंता संकेत कुमार ने बताया कि इन सभी से कुल 1,15,497 रुपए का जुमार्ना लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि थरथरी प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में अब छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है और इसका पालन सख्ती से किया जाएगा। इस दौरान मानव बल के सदस्य राकेश कुमार, मुकेश कुमार, और चंदन कुमार शर्मा भी मौजूद थे।

गोला घाट पर हुआ हादसा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जताया शोक

कटिहार में पलटी नाव, तीन की डूबकर मौत, सात अब भी लापता

AGENCY KATIHAR : बिहार में कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दक्षिणी करीमुल्लापुर पंचायत के गोला घाट पर रविवार सुबह दर्दनाक नाव हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अमदाबाद निवासी पवन मंडल (65वर्ष) पिता बस्तम मंडल, प्राणपुर निवासी सुधीर मंडल (70वर्ष) तथा अजमनागर निवासी भोली देवी का तीन वर्षीय पुत्र शामिल है। समाचार लिखे जाने तक सात नाव सवार लोग लापता है। लगभग 18 यात्रियों को लेकर एक नाव मनिहारी अनुमंडल के अमदाबाद ब्लॉक के दक्षिण करीमल्लुपुर मेघू टोला से सकरी (झारखंड) जा रही थी। मुख्यमंत्री ने जताया शोक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से 03 लोगों की हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में लापता अन्य लोगों की समुचित खोजबीन जारी रखने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन ने बताया नाव हादसे के बाद आठ लोगों को स्थानीय गोतखार एवं एसडीआरएफ टीम द्वारा बचाव कर लिया गया है एवं शेष का बचाव और तलाशी अभियान जारी है। जिन लोगों को बचा लिया गया है उनका इलाज चल रहा है। बचाए गए लोगों के अनुसार सात और लोग लापता हैं। सात में से दो नदी के विपरीत किनारे यानी गदाई दियारा में पहुंच गए हैं। मनिहारी एसडीएम ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम बाकी पांच लोगों के लापता होने की सूचना के साथ उनका पता लगाने व बचाव करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि अमदावाद सीओ और एसएचओ मेघू टोला में राहत अभियान की निगरानी कर रहे हैं। मृत व्यक्तियों के परिवार को आपदा विभाग के नियमानुसर मुआवजा देने हेतु संबंधित को निदेश दिया गया है और लापता व्यक्तियों के लिए खोज व बचाव हेतु एसडीआरएफ द्वारा अभियान जारी है।

घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

मृत लोगों के परिजनों को मिलेंगे 4-4 लाख रुपये

KATIHAR : कटिहार जिले के अमदाबाद प्रखंड के मेघू टोला घाट पर रविवार की सुबह गंगा नदी में नाव दुर्घटना में तीन वर्षीय बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में सात लोग लापता हैं। उनकी तलाश जारी है। सीएम नीतीश कुमार ने इस हादसे में मारे गए लोगों की मौत पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का भी ऐलान किया है। सीएम नीतीश कुमार ने दुख जताते हुए कहा कि कटिहार जिले के अमदाबाद में गंगा नदी में नाव डूबने से 3 लोगों की मौत दुखद है। इस घटना में लापता अन्य लोगों की समुचित खोज जारी रखने का निर्देश दिया गया है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आजमनगर थाना क्षेत्र के शीतलपुर बंगाली टोला निवासी अजय मंडल की पत्नी झूमा देवी की मां का निधन शनिवार को साहिबगंज जिले के सकरी गली में हो गया था। झूमा देवी अपने पति और अन्य परिजनों के साथ मां को देखने जा रही थी। जिसके लिए वो मनिहारी गंगा घाट पहुंची थी। जहां एलसीटी नाव छूट गई। उसके बाद वह अमदाबाद थाना क्षेत्र के उत्तरी करीमुल्लापुर पंचायत अंतर्गत प्राणपुर गांव स्थित अपनी भतीजी के घर पहुंची। वहां रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार की सुबह मेघू टोला घाट से नाव पकड़ कर सकरी गली जा रही थी। इसी दौरान बीच गंगा नदी में नाव डूब गई। हादसे में 60 वर्षीय पवन मंडल, 45 वर्षीय सुधीर मंडल तथा झूमा मंडल के 3 वर्षीय पुत्र की डूबने से मौत हो गई।

नवादा में युवा होंडा शोरूम से लाखों की चोरी, दहशत

चोरी के बाद घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

AGENCY NAWADA : नवादा के युवा होंडा शोरूम में लाखों रुपये की चोरी से व्यवसाईयों में दहशत व्याप्त हो गया है। पुलिस गश्ती पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। होंडा शोरूम के संचालक प्रसिद्ध व्यवसाय श्याम अग्रवाल ने बताया कि रविवार को शोरूम खोलने के बाद चोरी की घटना का पता चला। इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। नवादा में इन दिनों बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और वह आराम से वारदात को अंजाम देकर फरार हो जा रहे हैं। लगातार हो रही लूट और चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। बेखौफ चोरों ने नगर थाना क्षेत्र के राम नगर मोहल्ले में स्थिति युवा होंडा बाइक शो रूम में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि बेखौफ चोर होंडा बाइक के शो रूम में छत के सहारे आ धमके और शो रूम के फॉल सीलिंग को कबाड़ कर जमकर उत्पात मचाया है। चोरों ने कैश काउंटर को तोड़कर कैश काउंटर में रखे 1 लाख से अधिक रुपयों पर हाथ साफ किया है। शो रूम के जेनरल मैनेजर निरंजन कुमार ने चोरी की घटना की सूचना नगर थाना की पुलिस को दी। वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी है। नवादा में आए दिन अपराध के ग्राफ में इजाफा पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुकी है। पुलिस एक मामले को सुलझाने में जुटी रहती है, तब तक नवादा में दूसरी वारदात हो जाती है। नवादा में चोरी-लूट की घटना से हाहाकर मचा हुआ है। कई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में पुलिस असफल रही है। नवादा में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं।

बेतिया में 5 लोगों की संदिग्ध स्थिति में मौत

AGENCY CHAMPARAN : बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया थाना क्षेत्र के मठिया गांव में पिछले 24 घंटे में पांच लोगों की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी तरह का जहरीला पदार्थ पीने की वजह से सभी लोगों की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और मेडिकल टीम मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक सभी मृतकों ने एक साथ ही संदिग्ध पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले में पुलिस की जांच जारी है। मेडिकल टीम को सभी प्रभावित लोगों की जांच कराने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मृतकों के परिजनों से बात कर जानकारी जुटाने में लगी है। पता लगाया जा रहा है कि मौत से पहले मृतकों में कौन से लक्षण दिखे थे। मठिया गांव में एक के बाद एक पांच लोगों की मौत से दहशत का माहौल है।

घुरना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर 105 किलो गांजा किया जब्त

ARARIYA : जिले के घुरना थाना पुलिस ने एसएसबी के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए तस्करी के 105 किलो गांजा को जब्त किया। गुप्त सूचना पर पथराहा कब्रिस्तान के समीप सुरसर नदी के बांध पर शनिवार को यह कार्रवाई की गई।हालांकि एसएसबी और पुलिस से घिरने के बाद गांजा तस्कर सुसर नदी में छलांग लगाकर उल्टी दिशा पश्चिम की ओर मौके से फरार होने में कामयाब रहे।एसएसबी और पुलिस के जवानों के द्वारा तस्करों का पीछा भी किया,लेकिन एसएसबी और थाना पुलिस के जवानों को निराशा हाथ लगी। कार्रवाई घुरना एसएसबी बीओपी कंपनी कमांडर सह सहायक सेनानायक अभिषेक गुप्ता और थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव के द्वारा की गई।

स्कूल से निष्कासित छात्र ने लिया बदला, मामा के साथ मिलकर प्रिंसिपल को मारी गोली, मौत

AGENCY NALANDA : बिहार के नालंदा जिले में स्कूल से निष्कासित एक छात्र ने बदले की भावना से प्रिंसिपल पर जानलेवा हमला कर दिया। मामला बिहार थाना इलाके का है। सेंट जोसेफ स्कूल के प्रिंसिपल जोसेफ टीटी पर जानलेवा हमले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी छात्र ने अपने मामा और अन्य छात्रों के साथ मिलकर प्रिंसिपल के मर्डर की साजिश रची थी। 16 जनवरी को भवानी होटल के पास प्रिंसिपल को गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर है। नालंदा एसपी भरत सोनी ने बताया कि छात्र रयान को दो साल पहले स्कूल से गलत आचरण के मामले में निष्कासित कर दिया गया था। प्रतिशोध की भावना से रची गई इस साजिश में उसके मामा सैयद नजफ जफर उर्फ आयन और आसिम कुदरत को बिहार थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के पास से गिरफ्तार किया गया है। दोनों बड़ी दरगाह तालाब पर के निवासी हैं। घटना की जांच के लिए गठित एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज से पता लगाया कि कुल पांच आरोपियों ने फायरिंग की। फुटेज में स्पष्ट दिखा कि आरोपी मोटरसाइकिल और एक डिजायर कार से प्रिंसिपल का पीछा कर रहे थे। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। जांच में खुलासा हुआ कि दो साल पहले मिसकंडक्ट के कारण स्कूल से निकाले गए रयान ने अपने मामा की मदद से यह साजिश रची।

चलती वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने वाले 12 आरोपी गिरफ्तार

NAWADA : बिहार के नवादा में किऊल-गया रेलखंड पर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन पर अज्ञात लोगों द्वारा पत्थरबाजी किया गया था। जिसमें ट्रेन में लगे शीशे क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिसके बाद रेल प्रशासन हरकत में आयी और आरपीएफ ने ट्रेन पर पत्थर फेंकने के वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12 युवकों को गिरफ्तार किया है। यह घटना केजी रेलखंड में संचालित जसीडीह-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर वारिसलीगंज-काशीचक के बीच हुई थी। आरपीएफ नवादा के सहायक उप निरीक्षक जीवन लाल राम ने बताया कि 15 जनवरी और 17 जनवरी को ट्रेन नंबर 22500 डाउन वाराणसी से जसीडीह जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर वारिसलीगंज-काशीचक रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन को क्षति पहुंचाई गई है।

रोहतास के बालू घाट के दफ्तर में 5 लाख की लूट, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

AGENCY SASARAM : बिहार के रोहतास जिले के नासरीगंज इलाके में शनिवार की देर रात अपराधियों ने बालू घाट के दफ्तर में लूटपाट की। रात करीब 1:30 बजे 10 से 12 की संख्या में आये हथियारबंद अपराधियों ने सोन नदी के किनारे स्थित क्लस्टर- 3 बालू घाट के दफ्तर में यह लूटपाट की है। अपराधियों ने पहले दफ्तर के अंदर मौजूद लोगों को डराया-धमकाया। उनके साथ मारपीट की। इसके बाद बक्से में रखे नकद पांच लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। लूटपाट की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलने पर रोहतास पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थाल का निरीक्षण किया। जिला एसपी रोशन कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अपराधियों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वैसे लूटपाट की घटना के बाद बालू घाटों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। नासरीगंज के इस क्षेत्र में पहले भी अपराधी गतिविधियां सामने आती रही हैं। बालू व्यापार में बढ़ते आर्थिक लेनदेन के कारण यह इलाका अपराधियों के निशाने पर है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है। इस लूटपाट के बाद नासरीगंज के बालू घाट क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय व्यापारियों और कर्मचारियों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि इस तरह की घटनाएं न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि लोगों के बीच डर का माहौल भी पैदा करती हैं।

राहुल गांधी के पास खुद को हास्यास्पद बनाने की अद्भुत कला : विजय चौधरी

PATNA : बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास अपने बयानों से अपने को हास्यापद बनाने की अद्भुत कला है। बिहार के जातीय गणना के संबंध में उनका ताजातरीन बयान उसी की पुष्टि करता है। विजय चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जातीय गणना के शुरू होने से लेकर इसके आंकड़े जारी होने तक कांग्रेस पार्टी इसका समर्थन करती रही। दूसरे, बिहार सरकार ने उसी समय से स्पष्ट कह रखा है कि यदि इन ऑकड़ों में किसी प्रकार की विसंगति या गलती संज्ञान में लाई जाती है, तो सरकार तत्क्षण जांच कराने को तैयार है लेकिन अभी तक एक भी ऐसी सूचना या आपत्ति किसी के द्वारा नहीं दी गई है।

गोपालगंज में सुबह-सुबह पुलिस एनकाउंटर कुख्यात शूटर अभिषेक यादव को लगी गोली

AGENCY GOPALGUNJ : गोपालगंज में सुबह-सुबह पुलिस इनकाउंटर हुआ है। रविवार की सुबह हुए इस इनकाउंटर में शूटर अभिषेक यादव पुलिस की गोली से घायल हुआ है। इनकाउंटर उचकागांव थाना क्षेत्र के वृंदावन गांव के पास हुई है। घायल कुख्यात अपराधी को पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभिषेक यादव पर आरोप है कि इसने उचकागांव थाना क्षेत्र के झीरवा पंचायत के पूर्व मुखिया व शिक्षक अरविंद यादव की बीते 10 जनवरी को घर से स्कूल जाते समय हत्या कर दी गयी थी। पूर्व मुखिया हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड के मुख्य शूटर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए वृंदावन गांव में पहुंचा है। पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की और सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन शूटर ने अपनी पिस्टल से पुलिस पर ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें कुख्यात अपराधी और शूटर अभिषेक यादव को पैर में गोली लगी और वह भाग नहीं सका। जिसके बाद पुलिस उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करा दी है। एसपी अवधेश दीक्षित ने सदर अस्पताल में पहुंचकर घायल अपराधी से पूछताछ की है। गोपालगंज पुलिस पूर्व मुखिया हत्याकांड में जल्द बड़ा खुलासा करने की बात कहते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। एसपी ने कहा कि मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ अपराधी अभिषेक यादव पर कई अपराधिक मामले पहले से दर्ज है और उसने रेकी करने के बाद पूर्व मुखिया अरविंद यादव की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस नहीं अपराधी के पास से एक पिस्तौल और गोली भी बरामद किया है। गोपालगंज में हुई इस कार्रवाई के बाद अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने इस कार्रवाई से साफ तौर पर अपराधियों को मैसेज दिया है कि छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। इसके पहले भी चौकीदार झमेंद्र राय हत्याकांड में गिरफ्तार करने गई, पुलिस के साथ अपराधियों ने मुठभेड़ किया था।

खुशखबरी : किशनगंज व बहादुरकंज खंड पर 25 किलोमीटर लंबा फोरलेन हाईवे का किया जाएगा निर्माण

बिहार को केंद्र से 2200 करोड़ की मिली सौगात

AGENCY PATNA : बिहार को केंद्र सरकार से 2200 करोड़ रुपये के दो हाइवे प्रोजेक्ट की सौगात मिली है। आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत पटना जिले में रामनगर से कच्ची दरगाह तक एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 1082.85 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। वहीं, किशनगंज जिले में एनएच 27 और एनएच 237 ई को जोड़ने के लिए किशनगंज और बहादुरकंज खंड पर लगभग 25 किलोमीटर लंबा फोरलेन हाइवे का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 1117 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को यह जानकारी दी। गडकरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे के हिस्से के रूप में राष्ट्रीय राजमार्ग 119 डी पर रामनगर से कच्ची दरगाह तक 6 लेन का एक्सेस कंट्रोलड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाया जाएगा। बता दें कि यह सड़क पटना रिंग रोड का हिस्सा भी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आमस दरभंगा परियोजना दो आर्थिक कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग-02 (नया ठल्ल-19) और राष्ट्रीय राजमार्ग-57 (नया ठल्ल-27) के बीच सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इससे बिहार के आंतरिक हिस्सों का पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर-पूर्व राज्यों से कनेक्टिविटी में भी सुधार आएगा। इससे देश के पूर्वी हिस्से में लंबे मार्ग के यातायात और माल ढुलाई की दक्षता में सुधार करने में मदद मिलेगी। नितिन गडकरी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि किशनगंज जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और राष्ट्रीय राजमार्ग-327ए को जोड़ने के लिए नए फोरलेन हाइवे को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना आर्थिक कॉरिडोर है जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर राष्ट्रीय राजमार्ग-27(नया)/राष्ट्रीय राजमार्ग-31(पुराना) और राष्ट्रीय राजमार्ग-327ए के बीच सीधी कनेक्टिविटी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना विभिन्न शहरों से सिलीगुड़ी हवाई अड्डे (बागडोगरा) तक कनेक्टिविटी में भी सुधार करेगी। इससे नोडल बिंदुओं के बीच की दूरी और यात्रा के समय में काफी कमी आने की भी उम्मीद है ताकि यात्रियों के लिए सबसे कुशल कनेक्टिविटी और सबसे नजदीकी मार्ग प्रदान किया जा सकेगा।

फुलकाहा में एसएसबी ने तस्करी का 514 किलो नशीला पद्धार्थ किया बरामद

ARARIYA : भारत नेपाल सीमा से सटे फुलकाहा थाना क्षेत्र में फुलकाहा एसएसबी बीओपी प्रभारी हरबंस लाल के नेतृत्व में बीती शाम की गई कार्रवाई में 20 बोरा थाईलैंड निर्मित किंग पोप बरामद किया गया। जब्त किंग पोप को तस्कर साइकिल पर लोड कर नेपाल से भारतीय क्षेत्र ला रहा था,इसी क्रम में एसएसबी ने इसे जब्त किया।जबकि मौके से तस्कर भागकर नेपाल परिक्षेत्र में घुसकर फरार होने में।कामयाब रहा।एसएसबी ने 20 बोरे में 514 किलो किंग पोप बरामद किया है।मौके से कैरी किए जा रहे दो साइकिल भी जब्त किया गया। एसएसबी के हरबंश लाल ने बताया कि किंग पोप नेपाल से भारतीय क्षेत्र तस्करों के द्वारा लाया जा रहा था।

आरजेडी सांसद संजय यादव से मांगी 20 करोड़ की रंगदारी

AGENCY PATNA : बिहार से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के राज्यसभा सांसद संजय यादव से 20 करोड़ की रंगदारी की मांग की गई है। सांसद ने इस संबंध में पटना के सचिवालय थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शनिवार को सांसद एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने संजय यादव से 20 करोड़ रुपये मांगे और रंगदारी नहीं देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस धमकी देने वाली कॉलर की पहचान करने में जुटी है। उसकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि इस संबंध में सचिवालय थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, हरियाणा के डीजीपी समेत कई अन्य उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है। उन्होंने सांसद संजय यादव एवं उनके परिवार के लोगों की सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है। बता दें कि संजय यादव बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी हैं। वह हरियाणा के रहने वाले हैं।

आम आदमी पार्टी तो अपना रिपोर्ट कार्ड पेश नहीं करेगी...!

नीरज कुमार दुबे

दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दशार्ती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4, 61, 910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1, 84, 205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी।

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मयार्दा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा।

आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन।

हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ।

यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे। यही नहीं, विधानसभा में सीएजी की जो रिपोर्टें प्रस्तुत की जानी थीं वह भी नहीं की गयीं।

जहां तक आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से बांटी जाने वाली मुफ्त रेवड़ियों की बात है तो उसकी सच्चाई यह है कि जनता को जितना दिया नहीं गया उतना हर योजना में घोटाला हो गया है। यह घोटाले भी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तरीके के हैं। मसलन एक दारू की बोतल पर दूसरी बोतल फ्री दी गयी लेकिन शराब नीति के जरिये घोटाला करके दिल्ली के सरकारी खजाने को हजारों करोड़ रुपए का चूना लगा दिया गया। जनता को 200 यूनिट बिजली फ्री देने की बात की गयी लेकिन एक यूनिट फालतू होते ही भारी भरकम बिजली बिल भेजे गये। जनता को 700 लीटर पानी फ्री देने की बात हुई लेकिन लोगों के भारी भरकम पानी के बिल आये। खास बात यह रही कि पानी का बिल तो हर महीने आ गया लेकिन नल से जल हर रोज नहीं आया और जहां जहां नल से जल आया वह गंदा आया।

इसके अलावा प्रदूषण से निबटने की कोई स्थायी और प्रभावी योजना नहीं होने के चलते दिल्ली इतनी प्रदूषित हो गयी कि लोगों को तमाम तरह की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो गयी हैं। अक्सर बुजुर्गों को होने वाली सांस की बीमारी दिल्ली के बच्चों को भी हो गयी है। दिल्ली में पवित्र यमुना नदी को गंदा नाला बनने से रोकने में आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह विफल रही। दिल्ली में यमुना का जल इतना प्रदूषित है कि त्योहारों पर श्रद्धालु अगर पानी में चले जायें तो उन्हें चर्म रोग हो जाते हैं और इस पानी का शोधन करने में मशीनों के हाथ पांव फूल जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली की सरकार अपने शिक्षा मॉडल का ढिंढोरा खूब पीटती है लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में वह एक भी नया स्कूल, एक भी नया कॉलेज या एक भी नया अस्पताल नहीं बना सकी है। दिल्ली में जल निकासी की व्यवस्था इतनी खराब है कि बारिश आने पर बेसमेंट में पानी भर जाने से छात्र डूब कर मर जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली एमसीडी में आम आदमी पार्टी का शासन होने के बावजूद कूड़े के पहाड़ वहीं के वहीं हैं।

इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल भले इस समय मंदिर मंदिर जाकर हिंदुओं को लुभाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन तथ्य यह है कि आम आदमी पार्टी के शासन के दौरान ही हिंदू दीवाली पर पटाखे नहीं चला पाये। यह बात भी गौर करने लायक है कि आम आदमी पार्टी महिलाओं को अभी 1000 रुपए मासिक देने और चुनाव बाद 2100 रुपए देने की बात कर रही है लेकिन सवाल उठता है कि महिलाओं की सुध उसे अपने शासन की शुरूआत या मध्य में क्यों नहीं आई थी? यही नहीं, एक दारू की बोतल पर दूसरी दारू की बोतल फ्री देकर आम आदमी पार्टी ने महिलाओं का ही सिरदर्द सबसे ज्यादा बढ़ाया था।

वैसे यहां सवाल आम आदमी पार्टी से ही नहीं है बल्कि दिल्ली के मतदाताओं से भी है। आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में किये गये फ्री के वादों को देखने की बजाय क्या किसी मतदाता ने इस सरकार का रिपोर्ट कार्ड देखा है। दिल्ली के मतदाताओं को यह जानकर हैरानी होगी कि अपने घोषणापत्र का प्रचार कर रही आम आदमी पार्टी की सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं पेश कर रही है क्योंकि रिपोर्ट में दिखाने के लिए कुछ है ही नहीं।

दिल्ली के मतदाताओं पर देश की नजर इसलिए भी है क्योंकि नवीनतम सांख्यिकीय पुस्तिका दशार्ती है कि साल 2023-24 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 4, 61, 910 रुपये थी जो देश में गोवा और सिक्किम के बाद तीसरी सबसे अधिक है। यानि शहर की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय स्तर की प्रति व्यक्ति आय 1, 84, 205 रुपये से दोगुनी से भी अधिक थी। इसके अलावा एक और आंकड़ा यह बताता है कि सबसे कम महंगाई दर के मामले में झारखंड के बाद दिल्ली का नंबर आता है। यानि दिल्ली में आमदनी ज्यादा है और महंगाई कम है इसलिए सवाल उठता है कि ऐसी स्थिति में भी सबको सब कुछ फ्री में क्यों चाहिए? देश की जनता देख रही है कि क्या दिल्ली का मतदाता अपने निजी फायदे पर ध्यान देने की बजाय इस बार अपने शहर के फायदे को देखेगा?

संपादकीय

युद्धविराम और शांति

दिल्ली विधानसभा चुनावों को एक बार फिर जीतने के लिए आम आदमी पार्टी पूरा जोर लगा रही है। आम आदमी पार्टी वोट मांगने के दौरान अपनी मुफ्त की रेवड़ियों के बारे में तो जनता को बता ही रही है साथ ही वह संविधान और लोकतंत्र की दुहाई भी दे रही है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार की ओर से दी गयी मुफ्त की सौगातें बड़ा छलावा साबित हुई हैं और लोकतंत्र तथा संविधान की मयार्दा का भी इस पार्टी की सरकार ने बिल्कुल ध्यान नहीं रखा। आप देख रहे होंगे कि आजकल अरविंद केजरीवाल रोज प्रेस के सामने आकर बड़ी बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले पांच सालों में इन्होंने कुछ काम नहीं किया और सारा वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा से लड़ने में बर्बाद कर दिया। जिस विधानसभा को दिल्ली के लोगों की समस्याओं का हल निकालना था उसको आम आदमी पार्टी ने मोदी सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पास करने का मंच बनाकर रख दिया। दिल्ली विधानसभा को किस तरह आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच बना कर रखा इसे आप इसी से समझ सकते हैं कि निवर्तमान विधानसभा ने पूरे पांच साल में मात्र 74 दिन ही कार्य किया। पांच साल में 1825 दिन होते हैं मगर इनमें से काम हुआ मात्र 74 दिन। हम आपको बता दें कि यह दिल्ली की विधानसभा के अब तक के सबसे कम कार्य दिवस का रिकॉर्ड है। इसके अलावा बड़ी-बड़ी बातें करने वाली आम आदमी पार्टी की सरकार ने पूरे पांच साल में मात्र 14 विधेयक पारित किये। यानि दिल्ली की विधानसभा ने अपने इतिहास में पांच साल में सबसे कम विधेयक पारित करने का रिकॉर्ड भी बनाया है। खास बात यह रही कि यह जो 14 विधेयक पारित हुए उनमें से पांच विधायकों के भत्ते, सुविधाएं और उन्हें मिलने वाली सैलरी से संबंधित थे। साथ ही दिल्ली के विधायकों के कामकाज का आकलन इसी से लगाया जा सकता है कि 2020 से 2025 तक विधायकों ने विधानसभा में सालाना आधार पर औसत 219 प्रश्न ही पूछे। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के शासन में विधानसभा में जिस दिन भी कार्यवाही हुई वह औसतन मात्र तीन घंटे तक चली। इसके अलावा विधानसभा के 74 कार्य दिवसों में से मात्र नौ दिन ही प्रश्नकाल हुआ। यही नहीं, आम आदमी पार्टी की सरकार ने कभी विधानसभा का सत्रावसान भी नहीं किया ताकि जब चाहें विधानसभा की बैठक बुला सकें और वहां से राजनीतिक बयानबाजी कर सकें। दरअसल विधानसभा का सत्रावसान होने पर सत्र को दोबारा आहूत करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति चाहिए होती है और उन्हें सदन की बैठक बुलाने का कारण भी बताना होता है। आम आदमी पार्टी को लगता था कि यदि उपराज्यपाल ने बैठक बुलाने की अनुमति नहीं दी तो कैसे अपने राजनीतिक हित सधेंगे इसलिए वह कभी सत्रावसान करते ही नहीं थे।

चिंतन-मनन

धर्मराज युधिष्ठिर ने निभाया था भ्रातृ धर्म

गहन वन से तृषार्त पाण्डव गुजर रहे थे। पानी की तलाश में वे इधर-उधर घूम ही रहे थे कि अकस्मात उन्हें एक सरोवर दिखाई दिया। भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव जल पीने के पूर्व ही मृत्यु का ग्रास बन गए। कारण यह था कि एक यक्ष ने उनसे प्रश्न किए थे, किंतु उन्होंने उस ओर ध्यान नहीं दिया और बिना जवाब दिए ही पानी पीने लगे। लेकिन वे यक्ष का कोपभाजन बने और उन्हें मृत्यु प्राप्त हुई।

इतने में युधिष्ठिर आए और पानी पीने की कोशिश करने लगे। उनसे भी यक्ष ने प्रश्न किए, जिनके युधिष्ठिर ने समुचित उत्तर दे दिए। तब यक्ष ने प्रसन्न होकर कहा, तुम जल पीने के अधिकारी हो। मेरी इच्छा है कि तुम्हारे चारों भ्राताओं में से किसी एक को जीवन दान दूं। बोलो, मैं किसे पुनर्जीवित करूं?

प्रश्न बड़ा ही विचित्र था और साथ ही कठिन भी, क्योंकि युधिष्ठिर को चारों भाई एक समान प्रिय थे, तथापि एक क्षण भी सोचे बिना वे बोले, यक्षश्रेष्ठ आप नकुल को ही जीवन दान दें। यक्ष हंस पड़ा और बोला, धर्मराज, कौरवों से युद्ध में भीम की गदा और अर्जुन का गांडीव बड़ा ही उपयोगी सिद्ध होगा। इन दो सगे भाइयों को छोड़कर नकुल का जीवन क्यों चाहते हो।

धर्मराज बोले, यक्षश्रेष्ठ हम पांचों भ्राता ही माताओं के स्नेह चिह्न हैं। माता पुंती के पुत्रों से मैं शेष हूं, किंतु माद्री मां के तो दोनों ही पुत्र मर चुके हैं। अतः यदि एक के ही जीवन का प्रश्न है, तो माद्री मां के नकुल का ही पुनर्जीवन इष्ट है। यक्ष ने सुना, तो भावविह्वल हो बोला, युधिष्ठिर तुम धर्मतत्व के ज्ञाता हो, मैं तो सिर्फ तुम्हारी परीक्षा ले रहा था कि तुम वास्तव में धर्म के अवतार हो या नहीं। अतएव मैं चारों भाईयों को जीवन देता हूं।

युद्ध विराम समझौते का ईमानदारी से पालन जरूरी

ललित गर्ग

यह शांतिपूर्ण विश्व संरचना के लिये सुखद ही है कि करीब डेढ़ वर्ष से जारी इस्राइल-हमास संघर्ष खत्म करने के लिये युद्धविराम पर सहमति बन गई है। लेकिन इस एवं ऐसे युद्धों ने ऐसे अनेक ज्वलंत प्रश्न खड़े किये हैं कि जब युद्ध की अन्तिम निष्पत्ति टेबल पर बैठकर समझौता करना ही है तो यह युद्ध के प्रारंभ में ही क्यों नहीं हो जाता? युद्ध भीषणतम तबाही, असंख्य लोगों की जनहानि एवं सर्वनाश का कारण बनता है तो ऐसी तबाही होने ही क्यों दी जाये? खेर देर आये दुरस्त आये, इजराइल और हमास ने बुधवार को युद्ध विराम समझौते के पहले मसौदे पर सहमति जताई, जो संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में अब तक का सबसे बड़ा एवं अहम कदम है। अन्य बातों के अलावा, 60-दिवसीय युद्ध विराम प्रक्रिया में दोनों पक्षों के बंधकों को रिहा करना, सहायता बढ़ाना, नष्ट हो चुके फिलिस्तीन का पुनर्निर्माण करना और हमलों को रोकना शामिल होगा। डेढ़ साल से अधिक समय के युद्ध के बाद, युद्ध विराम फिलिस्तीन के लोगों तथा हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के लिए बहुत जरूरी राहत है। इसी तरह रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है।

इस्राइल-हमास में पिछले डेढ़ साल से चल रहे युद्ध के विराम को एक अहम कामयाबी माना जा रहा है। भले ही इस समझौते के लिये अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बीच संघर्ष समाप्ति का श्रेय लेने की होड़ हो, लेकिन गाजा के लोग जिस मानवीय त्रासदी से जूझ रहे थे, उन्हें जरूर इससे बड़ी राहत मिलेगी। संयुक्त राष्ट्र के तमाम प्रयासों व मध्यपूर्व के इस्लामिक देशों एवं भारत की बार-बार की गई पहल के बावजूद अब तक शांति वार्ता सिरे न चढ़ सकी थी। जिसकी कीमत करीब पचास हजार लोगों ने अपनी जान देकर चुकायी। इस युद्ध से गाजा के विभिन्न क्षेत्रों में जो तबाही हुई है, उससे उबरने में दशकों लग सकते हैं। निस्संदेह, इस्राइल व हमास के बीच युद्ध विराम पर सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक समझौता यथार्थ में लागू होता न नजर आए, तब कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। बहरहाल, जब लंबे समय के बाद शांति की स्थितियां बन रही हैं तो विश्व समुदाय, शक्तिशाली राष्ट्रों व संयुक्त राष्ट्र का दायित्व बनता है कि समझौते की शर्तों को साफ नियत एवं नीति से क्रियान्वित किया जाये। ताकि मध्यपूर्व में स्थायी शांति एवं अमनचैन की राह मजबूत हो सके। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। इस संघर्ष की शुरूआत भले हमास ने की हो, लेकिन इसकी सबसे बड़ी कीमत उन लोगों ने चुकाई, जो इसके लिये जिम्मेदार नहीं थे।

युद्ध के आघात से युद्धरत देशों के साथ समूची दुनिया प्रभावित हुई है। युद्ध के आघात से तात्पर्य युद्ध के दौरान होने वाली दर्दनाक घटनाओं के परिणामस्वरूप व्यक्तियों द्वारा अनुभव किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक संकट और शारीरिक-भावनात्मक पीड़ा से है, जैसे कि हिंसा का शिकार होना, दूसरों को नुकसान पहुंचाना, या संघर्ष के कारण प्रियजनों को खोना। युद्ध सामाजिक विश्वास को तोड़ता है, सामाजिक सामंजस्य को कम करता है और सामाजिक एवं राष्ट्रीय पूंजी को नुकसान पहुंचाता है। सशस्त्र संघर्ष के बाद, समाज उपसमूहों में गहराई से विभाजित हो जाता है जो युद्ध विराम के समझौते के बावजूद बाद के दौर में एक दूसरे से डरते हैं और नफरत करते हैं और लड़ाई जारी रखने के लिए तैयार रहते हैं। युद्ध के आघात से पीड़ित लोगों में अक्सर दूसरे पक्ष के साथ मेल-मिलाप करने और शांतिपूर्ण समाधान खोजने की इच्छा कम हो जाती है। कमजोर नागरिक समाज और कम सरकारी क्षमताएं लोगों को बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ बना सकती हैं और राज्य के बिगाड़ने वालों या राजनीतिक विरोधियों द्वारा आसानी से हेरफेर किया जा सकता है। यह स्थिति अक्सर हिंसा के निरंतर चक्रों के लिए मंच तैयार करती है।

हालांकि, अक्तूबर, 2023 में हमास के हमले से आहत इस्राइल कई मोर्चों पर लगातार युद्ध से थक चुका है, लेकिन अभी भी अरब जगत उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। ऐसी आशंका इसीलिए भी है कि कई बार बातचीत अंतिम दौर पर पहुंचते-पहुंचते पटरी से उतरती गई है। बात और घात लगातार चलते रहे हैं। अब भविष्य में देखना होगा कि दोनों पक्ष समझौते के अमल के प्रति कितनी ईमानदारी से प्रतिबद्ध नजर आते हैं। हालांकि, अपने बंधकों की जल्द रिहाई को लेकर इस्राइल के विपक्षी राजनीतिक दलों व मंत्रिमंडल में भी मतभेद उभर रहे हैं, लेकिन इतनी लंबी लड़ाई के बाद थक चुकी इस्राइली सेना को भी राहत देने की मांग की जाती रही है। बहरहाल, युद्ध विराम के प्रश्न पर इस्राइल व हमास के बीच सहमति से शांति की उम्मीदें प्रबल हुई हैं। जहां एक ओर अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन व नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समझौते के लिए श्रेय ले रहे हैं, वहीं ईरान इसे फलस्तीनी प्रतिरोध की जीत बता रहा है।

अभी गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को भी दूर किया जाना है। दरअसल, सात अक्तूबर 2023 को हमास के क्रूर हमलों में इस्राइल के बारह सौ लोग मारे गए थे और करीब ढाई सौ लोगों को हमास के लड़ाके सौदेबाजी के लिये बंधक बनाकर ले गए थे। साफ था कि इस अपमानजक घटना का इस्राइल प्रतिशोध लेगा, लेकिन संघर्ष करीब डेढ़ वर्ष तक चलेगा, इसकी उम्मीद किसी को नहीं थी। हालांकि, कुछ इस्राइली बंधक रिहा किए गए, कुछ युद्ध के बीच मारे गए, लेकिन बचे बंधकों की रिहाई का भारी दबाव नेतन्याहू सरकार पर लगातार बना रहा। संघर्ष में वास्तव में हमास के कितने लड़ाके मारे गए यह कहना कठिन है, लेकिन बड़ी संख्या में बच्चों-महिलाओं ने युद्ध में जान गवांई। एक अनुमान के अनुसार गाजा संघर्ष में उपजी मानवीय त्रासदी में करीब बीस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। इस्राइली हमलों में अस्पताल-स्कूल भी निशाना बने, जिन्हें शरणार्थियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है। इस्राइल पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में युद्ध अपराध तक के आरोप लगाए गए। निश्चित रूप से युद्ध शांति का विकल्प नहीं हो सकता। हालांकि, इस बात को लेकर शंकाएं व्यक्त की जा रही हैं कि इस समझौते से फिलस्तीनी संकट का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस युद्ध मसले का हल कूटनीति और आपसी बातचीत से ही निकालने के प्रयास किये जाने की आवश्यकता भारत लगातार व्यक्त करता रहा है।

वैश्विकी : ट्रंप टीम को लेकर आशा और आशंका

डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति का पद संभालने के ठीक पहले दुनिया में नई शक्ति समीकरण बन रहे हैं। जहां तक भारत और अमेरिका के संबंधों की बात है, खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू प्रकरण का पटाक्षेप होने वाला है। निवर्तमान बाइडन प्रशासन ने पन्नू को लेकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की थी जिसे विदेश मंत्रालय ने अपने कूटनीतिक कौशल और सूझबूझ से निपटाया। पन्नू प्रकरण में केंद्र सरकार ने जहां अपनी कुछ कमजोरियों को स्वीकार किया वहीं अमेरिका के निराधार आरोपों को खारिज कर दिया। देश की उच्चस्तरीय जांच समिति ने सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और उन पर नियंत्रण की बात स्वीकार की ताकि भविष्य में ऐसे मामलों को जल्दी से सुलझाया जा सके। यह स्पष्ट है कि आने वाले दिनों में ट्रंप प्रशासन पन्नू जैसे खालिस्तानी आतंकवादियों पर लगाम लगाएगा।

अमेरिका में इस बीच राष्ट्रपति ट्रंप की टीम के सहयोग सदस्यों का अनुमोदन करने के लिए सीनेट में सुनवाई

